सुविचार
उस काम को कभी ना छोड़ें जिसके बारे में आप हर दिन सोचते हैं।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi



मैं आलिया के साथ फुटबॉल खेलने... 08

Ranchi ● Sunday, 23 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 187 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 66,684.26 |
| निफ्टी | : | 19,745.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,660 |
| चांदी | : | 80.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# बंगाल में भी 'मणिपुर' : दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर भीड़ ने की चप्पलों से पिटाई

## मालदा में 19 जुलाई को हुई घटना, वीडियो वायरल, पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान नहीं

**AGENCY KOLKATA :** मणिपुर में 19 जुलाई को दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने का वीडियो वायरल हुआ था। अब ऐसी ही एक घटना पश्चिम बंगाल के मालदा में सामने आई है। यहां भीड़ ने दो महिलाओं की पिटाई की, फिर उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया। बीजेपी के आईटी सेल हेड अमित मालवीय ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। ये घटना भी 19 जुलाई की है। इसका वीडियो 22 जुलाई (शनिवार) को सामने आया। वीडियो में देखा जा सकता है कि महिलाओं का एक समूह दो महिलाओं को घेरे हुए है। उनके बाल खींचकर चप्पलों से पिटाई की जा रही है। इसके बाद उनके बुरी तरह से कपड़े फाड़ दिए गए। फिलहाल पुलिस की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**दोनों पीड़ित महिलाएं आदिवासी**

अमित मालवीय के मुताबिक, यह घटना मालदा के बामनगोला पुलिस स्टेशन के पाकुआ हाट इलाके में हुई। दोनों पीड़ित महिलाएं आदिवासी हैं। मालवीय ने आरोप लगाया कि, जब उनकी पिटाई हो रही थी और कपड़े उतारे जा रहे थे तो पुलिस वहां मूकदर्शक बनी खड़ी हुई थी। 21 जुलाई को हुगली जिले से बीजेपी सांसद लॉकेट चटर्जी ने दावा किया था कि पंचायत चुनाव में हिंसा के दौरान भी एक महिला को निर्वस्त्र कर उसकी परेड निकाली गई थी।



इंफाल के घारी इलाके में सैकड़ों महिलाओं ने टायर जलाकर और सड़क अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन किया।

## क्रूरता पर चुप्पी साधना भी अपराध : सीएम

### हेमंत सोरेन ने मणिपुर मामले में राष्ट्रपति को लिखा पत्र

**RANCHI :** मणिपुर हिंसा के दौरान दो महिलाओं के साथ हुई घटना देश को शर्मशार कर रही है। इस जघन्य अपराध के बाद पूरे देश मणिपुर और केंद्र सरकार दोनों के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। झारखंड में भी इस घटना को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। अब राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मणिपुर मामले को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। उन्होंने मणिपुर में हिंसा पर गहरा दुख व्यक्त



करते हुए कहा कि यह सबसे अंधकारमय समय है और साथी नागरिक के रूप में, हम सभी मानवीय गरिमा के इस पूर्ण नुकसान से व्यथित और चिंतित हैं। भारत मणिपुर के साथ खड़ा है, मणिपुर को ठीक होना चाहिए और एक राष्ट्र के रूप में हमें मदद करनी चाहिए। क्रूरता के सामने चुप्पी साधना भी भयानक अपराध है। इसलिए मणिपुर में जारी हिंसा के दौर को पर भारी दिल और गहरे दुख के साथ मैं आपको यह पत्र लिखने के लिए बाध्य हो गया। झारखंड के मुख्यमंत्री और देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मणिपुर घटना को लेकर काफी व्यथित और चिंतित हूं, जिसमें अब तक सैंकड़ों निर्दोष लोगों की जानें चली गई हैं।

## मणिपुर में दो और लड़कियों की गैंगरेप के बाद कर दी गई हत्या

**IMPHAL :** मणिपुर में 4 मई को भीड़ ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाया था। उसी दिन दो अन्य लड़कियों का रेप कर हत्या कर दी गई थी। ये घटना कांगपोकपी जिले के कोनुंग ममांग इलाके में हुई थी, यह जगह दूसरे घटनास्थल से 40 किलोमीटर दूर है। पीड़ितों के साथ काम करने वाले एक शख्स ने बताया कि एक लड़की की उम्र 21 और दूसरी की 24 साल थी। दोनों गैराज में काम करती थीं। उस दिन भीड़ में महिलाएं भी आई थीं। उन महिलाओं ने ही भीड़ में मौजूद मर्दों से उनका रेप करने के लिए कहा था। इसके बाद वो लड़कियों को कमरे में ले गए। लाइट बंद कर दी। उनके मुंह पर कपड़ा बांध दिया गया। डेढ़ घंटे बाद उनको घसीटते हुए बाहर लाया गया। उनके शरीर पर कपड़े नहीं थे। वो खून से लथपथ थीं। उनके बाल भी कटे हुए थे। दोनों लड़कियों में से एक की मां ने बताया कि 16 मई को उन्होंने सैकुल पुलिस स्टेशन में जीरो एफआईआर दर्ज कराई थी। डरे होने के कारण पहले रिपोर्ट दर्ज कराने की हिम्मत नहीं हुई। बाद में जब माहौल थोड़ा शांत हुआ तो रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एफआईआर के मुताबिक, दोनों लड़कियों का रेप हुआ, उन्हें टॉर्चर किया गया और बाद में बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस घटना में 100-200 लोगों के मौजूद होने का जिक्र है। ये मामला फिलहाल पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन को ट्रांसफर कर दिया गया है।

## मणिपुर में महिलाओं का जबरदस्त प्रदर्शन

**IMPHAL :** मणिपुर में दो महिलाओं के यौन उत्पीड़न के विरोध में शनिवार को इंफाल में महिलाओं ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। इन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मणिपुर की राजधानी इंफाल के घारी इलाके में सुबह सैकड़ों महिलाएं कार के टायर जलाकर और सड़क अवरुद्ध करके हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। सुबह करीब 9 बजे स्थिति उस समय अराजक हो गई, जब महिलाओं ने सड़क के दोनों तरफ जाम लगा दिया और सरकार के खिलाफ अभद्र नारे लगाए। स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर पुलिस ने रैपिड एक्शन फोर्स और सेना के साथ त्वरित कार्रवाई की। खबरों के मुताबिक जब सुरक्षाकर्मियों ने टायर में लगी आग को बुझाने की कोशिश की, तो प्रदर्शनकारी महिलाएं हिंसक हो गईं।

## मीडिया से अमानवीय वीडियो हटाने की अपील

**IMPHAL :** मणिपुर सरकार के गृह आयुक्त टी रणजीत सिंह ने मीडिया से अपील की है कि दो महिलाओं को अपमानजनक हालत में घुमाने वाला वीडियो अपने प्लेटफार्म से हटा ले। इसे कहीं भी साझा नहीं करे। उन्होंने ऐसी ही अपील आम लोगों से भी की है। गृह आयुक्त टी रणजीत सिंह ने बयान में कहा है कि सरकार उपद्रवियों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दो महिलाओं को अजीब स्थिति में परेड कराने, महिलाओं का यौन उत्पीड़न और हिंसा करते हुए वीडियो पोस्ट करने की निंदा करती है। इस वीडियो के वायरल होने से राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने की आशंका है। सरकार इसे असंवैधानिक और मानवाधिकारों के उल्लंघन का मामले मानती है। गृह आयुक्त ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

**BRIEF NEWS**

### वन कर्मी की हत्या मामले में 12 नक्सलियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**LATEHAR :** झारखंड के लातेहार जिले में एक वन कर्मी की हत्या के मामले में 12 नक्सलियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। झारखंड की राजधानी रांची से तकरीबन 150 किलोमीटर दूर नेत्रहट थानाक्षेत्र के दुरुप पंचायत में बुधवार रात को 15 नक्सलियों के एक समूह ने वन कर्मी देव कुमार प्रजापति (35) की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। घटना में चार अन्य लोग घायल हो गए थे। लातेहार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंजनि अंजन ने बताया कि 12 नक्सलियों और प्रतिबंधित भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (माओवादी) के विभिन्न अज्ञात सदस्यों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### इसरो और नौसेना ने 'मिशन गगनयान' के लिए पूरे किये परीक्षण

**NEW DELHI :** इसरो और भारतीय नौसेना ने मिशन गगनयान के लिए विशाखापत्तनम हार्बर में मानव अंतरिक्ष मिशन क्रू मॉड्यूल रिकवरी और लिफ्टिंग परीक्षण पूरे कर लिए हैं। इसरो ने यह परीक्षण विशाखापत्तनम स्थित पूर्वी नौसेना कमान में भारतीय नौसेना के एक जहाज पर किये हैं। भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किमी ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। 'मिशन गगनयान' की क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा में पहले चरण का परीक्षण दिया गया है।

### केदारनाथ गर्भगृह से खींची फोटो वायरल, 11 हजार का लगा जुर्माना

**KEADRNATH :** केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह में फोटो खींचने संबंधी मामलों पर बीकेटीसी पूरी तरह लगाम नहीं लगा पा रही है। बीते दिन गर्भ गृह के अंदर का एक फोटो फिर सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें एक प्रमुख कथा वाचक के साथ कुछ लोग पूजा कर रहे हैं। हालांकि इस फोटो को खींचने वाले को बीकेटीसी ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से खोज निकाला है और उस पर 11 हजार का जुमार्ना भी ठोक दिया है। गर्भ गृह में फोटो खींचने पर लगाए गए प्रतिबंध के आदेश को स्वयं बीकेटीसी ही गंभीरता से लागू नहीं कर पा रही है। केदारनाथ में मंदिर परिसर के बाहर बदरी-केदार मंदिर समिति द्वारा फोटो और वीडियो बनाने को प्रतिबंधित किया है। हालांकि इसमें यह भी तर्क दिया जा रहा है कि सभी यात्रियों को फोटो खींचने से रोका नहीं जा सकता है।

## गर्मी का कहर : हज पर जाने वाले यात्रियों में 155 भारतीयों का इंतकाल

### देश से गए हज यात्रियों को करना पड़ा भारी दिक्कतों का समाना

**AGENCY NEW DELHI :** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जाने वाले भारतीय हज यात्रियों की वतन वापसी हो चुकी है। अलबत्ता दीगर इंबारकेशन प्वाइंट्स पर हाजियों की वापसी का सिलसिला अभी भी जारी है, जो 2 अगस्त तक चलेगा। इस बार की हज यात्रा तमाम हाजियों के लिए अतीत का हिस्सा बन चुकी हैं। भारत से हज पर जाने वाले 155 यात्रियों का इंतकाल भी हुआ है। सऊदी अरब में भारतीय हज यात्रियों को साफ-सफाई, पानी, खाने और चिकित्सा जैसी कई तरह दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बहुत से हाजियों के दिलो-दिमाग पर अब भी ऐसी बुरी यादें ताजा हैं। हालांकि, वापसी के साथ ही यह मामला शांत हो चुका है। सकुशल अपने घरों को वापसी के बाद अब उन्हें केन्द्र सरकार



और हज कमेटी ऑफ इंडिया आदि से भी कोई गिला-शिकवा नहीं रहा। हज यात्रा-2023 के दौरान भारत से जाने वाले 155 हज यात्रियों की बीमारी आदि के कारणों से मौत होने की खबरें हैं। मरने वालों में दिल्ली से जाने वाली 2 महिलाएं भी शामिल हैं। हज यात्रा के दौरान मरने वालों में 130 हज कमेटी ऑफ इंडिया के जरिए जाने वाले यात्री हैं, जबकि दीगर 25 प्राइवेट टूर ऑपरेटरों के माध्यम से जाने वाले यात्री शामिल हैं। 39 यात्री हज की अदायगी से पहले ही इंतकाल कर गए, जबकि 116 की मृत्यु हज की अदायगी के बाद हुई है। सऊदी अरब के कानून के तहत हज यात्रा के दौरान मरने वाले यात्रियों को जन्नत-उल-बकी व अन्य कब्रिस्तानों में दफन किया जाता है। इस बार भारत से 175025 हज यात्री गए थे। इनमें 139419 यात्री हज कमेटी ऑफ इंडिया के जरिए, जबकि 35606 यात्री प्राइवेट टूर ऑपरेटरों के माध्यम से यात्रा पर गए थे। राजधानी दिल्ली से 101 बिना मेहरम के यात्रा पर जाने वाली महिलाएं भी शामिल थीं। दिल्ली से 105 वर्षीय बुजुर्ग महिला के भी हज यात्रा पर जाने और उनके सकुशल वापस आने की भी खबर है। इस बार सऊदी अरब में हज यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में होने वाली मृत्यु की वजह बेतहाशा तापमान का बढ़ना बताया जा रहा है।

## रांची के अपार्टमेंट के हौद में डूबने से बच्ची की गई जान

**RANCHI :** कार वॉशिंग के लिए बनाए गए पानी के हौद में डूबने से बच्ची की मौत हो गई। यह घटना बरियातू थाना क्षेत्र के श्री रामकृष्ण एनक्लेव अपार्टमेंट में हुई है। बच्ची को बचाने के प्रयास में उसकी मां भी घायल हो गयी। बताया जाता है कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर पीके सिंह अपार्टमेंट में तीन माह पहले ही शिफ्ट हुए थे। गुरुवार रात को पीके सिंह की बच्ची हौद के पानी में डूब गयी थी, लेकिन पुलिस को शनिवार को इसकी जानकारी मिली है। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बच्ची की मौत के बाद परिजन ने उसे रिम्स ले गये। पर न शव का पोस्टमार्टम करवाया, न ही बरियातू पुलिस को भी घटना की जानकारी नहीं दी। जानकारी के मुताबिक, फ्लैट नंबर 302 में रहने वाले पीके सिंह की आठ वर्षीय बच्ची अपार्टमेंट के पिछले वाले हिस्से में साइकिल चला रही थी।

## अब महाराष्ट्र-गुजरात में भारी बारिश से चौतरफा हाहाकार

### इंसान से लेकर जानवर तक फंसे आफत में

**AGENCY NEW DELHI :** कई घंटों की बारिश से गुजरात और महाराष्ट्र में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। नदियां-नाले ऊफान पर हैं और सड़कों पर सैलाब है। कहीं भैंस पानी में बह गईं तो कहीं इंसान। वहीं गाड़ियां बाढ़ के पानी में खिलौनों की तरह बह रही हैं। जूनागढ़ शहर में भारी बारिश के चलते हालत बिगड़ते जा रहे हैं। तीन घंटे की बारिश से दोलतपारा, सबलपुर, राज लक्ष्मी पार्क और कालवा नदी में जलस्तर बढ़ गया है।

**यवतमाल में लोगों को बचाने को मांगी गई वायु सेना की मदद**

महाराष्ट्र के यवतमाल में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। बाढ़ के कारण फंसे 45 लोगों को बचाने के लिए जिला प्रशासन ने वायुसेना से मदद मांगी है। इस पर वायु सेना ने राहत और बचाव कार्य में एमआई-17 वी-5 हेलीकॉप्टर को लगाया है।



महाराष्ट्र में भारी बारिश के बीच पानी में आधे डूबकर जाते लोग।

**मुंबई पानी-पानी, जनजीवन अस्त-वयस्त**

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पानी-पानी है। कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से महानगर का जनजीवन अस्त-व्यस्त है। महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भी बरसात से जनजीवन प्रभावित हुआ है। निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। कल्याण रेलवे स्टेशन के पास तकनीकी खराबी आने से मध्य रेलवे की लोक सेवा प्रभावित हुई है। मध्य रेलवे के प्रवक्ता ने कहा है कि तकनीकी गड़बड़ी दूर करने के लिए काम जारी है।

### राज्य के युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए पहले चरण में 80 प्रखंडों में योजना का शुभारंभ

# CM SARTHI YOJNA LAUNCH

**PHOTON NEWS RANCHI :** सीएम हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत बिरसा केंद्र की शुरूआत की। मौके पर उन्होंने पांच सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से बातचीत की। इस योजना के तहत विभिन्न सेंटर्स में प्रशिक्षण ले रहे ट्रेनर्स को रोजगार प्रोत्साहन और परिवहन भत्ता दिया गया। सीएम ने ऑनलाइन माध्यम से सभी के खाते में पैसे हस्तांतरित किए। प्रशिक्षणार्थियों को आगे भी डीबीटी के माध्यम से पैसे दिए जाएंगे। आज सीएम हेमंत सोरेन ने 1039 लाभुकों के खाते में 13, 03, 500 रुपये बतौर प्रोत्साहन भत्ता भेजे। इनमें 528 छात्राएं और 511 छात्र के खाते में पैसे भेजे गए। वहीं परिवहन भत्ता के रूप में 2178 लाभुकों के खाते में 11, 87, 840 रुपये भेजे। इसमें छात्र की संख्या 273 और छात्राओं की संख्या 1905 है। इस योजना की शुरूआत करने के पीछे का मकसद राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना है। इसके लिए ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फोर रूरल स्किल एक्विजिशन सेंटर शुरू किया जा रहा है। प्रथम चरण (2023- 24) में राज्य के 80 प्रखंडों में इसकी शुरूआत की जा रही है। आने वाले दिनों में राज्य के सभी प्रखंडों में बिरसा योजना संचालित किया जाएगा।



मुख्यमंत्री सारथी योजना का शुभारंभ करते सीएम हेमंत सोरेन व अन्य।

### नौकरी नहीं मिलने पर मिलेगा भत्ता

तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में रोजगार प्रोत्साहन भत्ता के रूप में युवकों को 1000/- और युवतियों/दिव्यांग/परलैंगिक को प्रतिमाह 1500/- अधिकतम एक वर्ष के लिए डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। साथ ही, गैरआवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र तक आने-जाने के लिये प्रतिमाह 1000/- डीबीटी के माध्यम से भेजे जाने का प्रावधान है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-123-3444 पर निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण हेतु युवा संपर्क कर सकते हैं।

## उधर, मोदी ने बांटे 70000 नियुक्ति पत्र

### बोले पीएम- अब रिकॉर्ड मुनाफे से हो रही बैंकों की चर्चा

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार को लेकर पिछली यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज भारत उन देशों में से एक है जहां का बैंकिंग सेक्टर सबसे मजबूत माना जाता है, हालांकि नौ साल पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल में उनकी सरकार द्वारा इस दिशा में सुधारात्मक उपाय करने से यह स्थिति बनी है। प्रधानमंत्री शनिवार को रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों में नवनियुक्त 70,000 से अधिक युवाओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र सौंपेने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने



युवाओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते पीएम।

कहा कि सरकार द्वारा भर्ती के लिए आज से बेहतर समय नहीं हो सकता क्योंकि नए अधिकारियों को अमृतकाल में देश की सेवा करने का सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने सुझाव दिया कि नियुक्ति पाने वालों की प्राथमिकताएं देश के लोगों की सेवा करना और जीवन में आसानी बढ़ाने के लिए होना चाहिए, साथ ही उन्हें खुद को विकसित भारत के लक्ष्यों के साथ जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, 1947 में आज के ही दिन 22 जुलाई को तिरंगे को संविधान सभा द्वारा वर्तमान स्वरूप में स्वीकार किया गया था। नियुक्ति पत्र पाने वालों में बड़ी संख्या बैंकिंग क्षेत्र से होने के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने बैंकिंग क्षेत्र के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था के विस्तार में बैंकिंग सेक्टर की बहुत बड़ी भूमिका होती है।

BRIEF NEWS

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा चुनाव को लेकर रविवार को करेगा मंथन




**RANCHI :** भारतीय जनतंत्र मोर्चा की राज्यस्तरीय आम सभा रविवार को रांची के गाला बैंक्वेट हॉल धुर्वा में होगा। इसमें राज्य भर के प्रतिनिधि शामिल होंगे। भाजमो के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भाजमो दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, डॉ। भीमराव आंबेडकर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ। राम मनोहर लोहिया और जय प्रकाश नारायण के विचारों को आत्मसात करता है. यह सेक्युलरिज्म, समाजवाद और विश्व बंधुत्व को प्रमुखता देने वाली पार्टी है. आर्थिक और राजनीतिक विकेंद्रीकरण की प्रबल पक्षधर है और मानती है कि आर्थिक और राजनीतिक ताकतें एक ही जगह न होकर सभी के पास हों। पार्टी मनी पावर और मसल्स पावर का सदैव विरोध करती रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि अगले साल नवंबर-दिसंबर में झारखंड में विधानसभा चुनाव होना है. अगले ही साल मार्च से लेकर मई तक लोकसभा के चुनाव भी होने हैं। हमलोग इन मुद्दों पर भी आम सभा कर रहे हैं। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव कैसे होंगे, इस पर विस्तृत और गहन चर्चा होनी है. इस आम सभा की अध्यक्षता पार्टी के संरक्षक सरयू राय करेंगे।

## कार्यकर्ता पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं : सुदेश महतो



**RANCHI :** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी के नीति और सिद्धांतों को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत और ग्राम प्रभारियों का भी यह दायित्व है। कि वो अपने अपने क्षेत्र में पार्टी के नीति और सिद्धान्तों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें। पूरी निष्ठा के साथ संगठन विस्तार में जुड़े, कार्यकर्ता ही संगठन की मूल पूंजी हैं। महतो शनिवार को नामकुम प्रखंड अंतर्गत सिदरौल में आयोजित प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह में बोल रहे थे। मौके पर कई नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने पार्टी का दामन थामा। महतो ने कहा कि सिर्फ 35 किलो अनाज के लिए राज्य नहीं बना है। आज किसी गरीब के पास लाल कार्ड है, कल उसके पिता के पास भी लाल कार्ड था और आने वाले कल में उनके बेटे के पास भी लाल कार्ड होगा। हम सभी को मिलकर यह परंपरा तोड़नी होगी। इसके लिए सबसे सशक्त माध्यम शिक्षा है। बेहतर शिक्षा से प्रदेश आगे बढ़ सकता है। आज प्रदेश का हर बच्चा यही सोच रहा है कि उसके लिए, उसके भविष्य के लिए राज्य में क्या हो रहा है। सरकार उनके विकास लिए क्या कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि बीडीओ एवं सीओ को जमीन नापने में मजा आता है।

## बरही विधायक ने पिपरा नदी पर रखी पुल निर्माण की आधारशिला

**HAZARIBAG:** बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुआं पंचायत के पुरहरिया एवं पिपरा टोला के बीच पिपरा नदी पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने पुल निर्माण कार्य को लेकर शनिवार को आधारशिला रखा। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने विधायक उमाशंकर अकेला को गाजे बाजे के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बताया गया कि उक्त पुल मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत निर्माण किया जाएगा। जिसकी प्रक्कलित राशि करीब तीन करोड़ सात लाख रूपए की है। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की इस पुल के निर्माण होने से ग्रामीणों को काफी सुविधा होंगी। ग्रामीणों का चिर प्रतिक्षित मांग पूरा किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा की बरही विधानसभा में विकास के कई कार्य किए जा रहे हे।

# केंद्र सरकार के रोजगार मेले में रांची के 200 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

### PM मोदी ने कहा- जिन लोगों को नियुक्ति पत्र मिला, उन लोगों के लिए आज का दिन यादगार

**PHOTON NEWS RANCHI:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले के तहत देश के 70 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए, जिनमें रांची के 200 युवाओं को रोजगार मिला है। रांची में सीसीएल दरभंगा हाउस में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, सेंट्रल जीएसटी के प्रिंसिपल सरदार वल्लभ समेत कई लोग उपस्थित थे। सभी ने पीएम के संबोधन को



वर्चुअल माध्यम से सुना। प्रधानमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिन लोगों को नियुक्ति पत्र मिल रहे हैं, उनके लिए यादगार दिन है। साथ ही देश के लिए भी यह बहुत ऐतिहासिक दिवस है। इसमें केंद्र सरकार के विभागों के साथ राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में ये भर्तियां की जा रही हैं।

**इन विभागों में होंगी भर्तियां**

युवा राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, जल संसाधन विभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और गृह मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सरकार में शामिल हैं।

# CPIM ने मैथन में मणिपुर के CM का पुतला फूंका

### हिंसा पर चुप्पी को लेकर केन्द्र सरकार को लताड़ा, मणिपुर CM को बर्खास्त करने की मांग

**PHOTON NEWS MAITHON :** सीपीआईएम की चिरकुण्डा लोकल कमिटी ने शनिवार 22 जुलाई की शाम मैथन ऑटो स्टैंड के समीप मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई हैवानियत के खिलाफ मणिपुर के मुख्यमंत्री एन वीरेन सिंह का पुतला फूंका। मौके पर संतोष घोष ने कहा कि मणिपुर की घटना से पूरा देश शर्मसार हुआ है। पिछले तीन महीने से मणिपुर में जारी जातीय हिंसा को लेकर केन्द्र सरकार चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन वीरेन सिंह को तुरंत बर्खास्त करने की मांग करते हुए कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। पुतला



मणिपुर के सीएम का पुतला दहन करते सीपीआईएम कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

दहन कार्यक्रम में सुमना लाहिरी, कार्तिक घोष, साबिर बोस, मनोज सिन्हा, अनुराधा सिन्हा, मीरा सिंह, सपना कुमारी, अनीता महतो, सोना चक्रवर्ती, गौरव चक्रवर्ती, मोमिता मंडल, गणेश धर, छवि धर व अन्य शामिल थे।

## JMM की समर्पित कार्यकर्ता, गलती से पार्टी के खिलाफ फिसली जुबान : नीलम मिश्रा

### बयान पर चौतरफा घिरने के बाद नीलम मिश्रा ने वीडियो जारी कर, दी सफाई



झामुमो नेत्री, नीलम मिश्रा • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DHANBAD :** अपनी ही पार्टी के खिलाफ बोल कर विवादों में घिरी झामुमो नेत्री नीलम मिश्रा ने शनिवार 22 जुलाई को अपना एक वीडियो जारी किया। वीडियो में वो रोते हुए बोल रही है कि वो अपनी पार्टी के खिलाफ कोई काम नहीं कर रही हैं। मणिपुर की घटना को लेकर भाजपा के खिलाफ बोलने के क्रम में उनकी जुबान फिसल गई और गलती से उनके मुंह से निकल गया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोग राक्षसी प्रवृति के लोग है, नारी का इज्जत करना नहीं जानते है. उन्होंने कहा कि गलती से निकली बात को वो वापस लेती हैं। पार्टी के लिए समर्पण भाव से काम करती आ रही हैं और आगे भी करती रहेंगी। झामुमो महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मीना हांसदा ने कहा कि एक कहावत है चमड़े की जुबान है, गलती हो जाती है। हमारी केंद्रीय सदस्य के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। इसे बेवजह कुछ लोग तुल देने का काम कर रहे है।

## बाबूलाल ने 12वीं तक की शिक्षा क्षेत्रीय-स्थानीय भाषा में देने की पहल का किया स्वागत



**RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को क्षेत्रीय, स्थानीय भाषाओं में देने की पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भाषाई विविधता, सांस्कृतिक समझ और शैक्षणिक सफलता को बढ़ावा देने की दिशा में बहुभाषी शिक्षा का महत्वपूर्ण दृष्टिकोण में व्यापक रूप से मान्यता प्रदान करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं तक की शिक्षा को मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषा, स्थानीय भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने के निर्णय का स्वागत।

# भाजपा शासित राज्यो में महिलाओं पर अत्याचार आम घटना : डॉ. कुमार

### मणिपुर घटना को ले ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा की नकारी में बैठक, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**PHOTON NEWS BHURKUNDA:** मणिपुर की घटना को लेकर शनिवार को ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के प्रधान कार्यालय नकारी में मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश वर्मा व संचालन मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह इंडिया गठबंधन नेता डॉ। आशीष कुमार ने कहा कि मणिपुर में जिस तरह (दो महिला) पूर्व सैनिक की पत्नी व अन्य एक और महिला को निर्वस्त्र घुमाया गया यह पूरे देश का अपमान है। ऐसी घटना के बाद भी




बैठक में उपस्थित मोर्चा के सदस्य • फोटोन न्यूज

मणिपुर सरकार मूकदर्शक बनी हुई इससे शमार्नाक बात और क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस घटना की हमारी मोर्चा कड़ी शब्दों में निदा करती है। उन्होंने सरकार से पूरे मामले की उच्चस्तरीय सीबीआई से न्यायिक जांच करा कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही मणिपुर के मुख्यमंत्री व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस्तीफा देने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्य में इस तरह की शर्मनाक घटना आए दिन घटित होते रहता है। वहीं मोर्चा के नेताओं ने मणिपुर घटना की निंदा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाती है लेकिन महिलाओं की सुरक्षा करने में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। मौके पर देवनारायण कोल, राजेश पासवान, श्याम महतो, नकुल प्रसाद, सुभाष दास उर्फ काला बाबू, मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष रघु मांझी, मधु बावरी, किशोर नायक आदि मौजूद थें।

# मणिपुर घटना के खिलाफ कई संगठनों ने निकाला आक्रोश मार्च, फूंका पुतला

**PHOTON NEWS RANCHI:** कांके चौक में मणिपुर में हुए महिलाओं पर जघन्य अत्याचार, बलात्कार, हत्या के खिलाफ अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद्, लोकहित अधिकार पार्टी सामाजिक न्याय का जन जागरण अभियान, आदिवासी सेना, आदिवासी एकता मंच, काँके सरना समिति काँके, बिरसा मुण्डा भ्रष्टाचार निरोधक संगठन लोकमत एवं काँके के समस्त सामाजिक संगठन के तत्वधान में सैकड़ो लोगों द्वार भाजपा मणिपुर सरकार व केन्द्र सरकार का विरोध, मार्च और पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया गया । आदिवासीयों ,महिलाओं पर अत्याचार करना बंद करो, भाजपा सरकार मुदार्बाद, नरेन्द्र मोदी मुदार्बाद, अमीत साह मुदार्बाद जैसे नारा लगाएं गए। विरोध मार्च कांके चौक से शुरू होकर न्यू मार्केट रिन पास गेट होकर पुनः कांके चौक आया, जहाँ नरेन्द्र मोदी सरकार का पुतला दहन



पुतला दहन करते आक्रोशित लोग • फोटोन न्यूज

किया गया। विरोध मार्च को आदिवासी विकास परिषद् काँके प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेन्द्र लिण्डा, कलिका गाड़ी, आदिवासी सेना के अर्पणा बाड़ा, लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, आदिवासी एकता मंच के सोनू मुण्डा ने संबोधित किया। विरोध मार्च में काके सरना समिति के रंजीत को को जमीन के केंद्रीय नेता शबनूर मंसूरी कांग्रेस के युवा नेता जिला परिषद प्रतिनिधि कांके के मो. जमील अख्तर, फुरकान अंसारी केंद्रीय सरना समिति के अमर तिर्की, रिचा केरकेट्टा, लोकहित अधिकार पार्टी के मुकुल नायक, डॉ. दानेश्वर साहू, अजीत साहू, सोनी मुंडा, गणेश साहू, पंकज साहू ,आजसू पार्टी के अभिषेक राज हेरेंज कांके सरना समिति के हेमंत खलखो, मंजुला टोप्पो, सूरज टोप्पो, सूरज उरांव, अनिल कश्यप, अमित उरांव, सहित सैकड़ों लोगों के द्वारा केंद्र एवं मणिपुर भाजपा सरकार सहित नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, स्मृति ईरानी एवं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के प्रति आक्रोश व्यक्त किए।

## जनता को दिग्भ्रमित कर रही हेमंत सरकार : बालमुकुंद सहाय

**RANCHI:** भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने शनिवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। राज्य सरकार के खाते में पिछले वर्षों के स्वीकृत आवास के पैसे पड़े हुए हैं लेकिन लगभग 75 हजार प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य लंबित है। पूरे प्रदेश में जिस प्रकार से बालू की तस्करी हो रही उससे सरकारी योजनाओं का निर्माण प्रभावित है। सहाय ने कहा कि जो राज्य केंद्र सरकार की योजनाओं को समयबद्ध पूरा कर रहे हैं वहां केंद्र सरकार अविलंब नई योजनाओं को स्वीकृति देती है। केंद्र सरकार ने कभी भी किसी राज्य को राशि उपलब्ध कराने में भेदभाव नहीं किया है। राज्य सरकार को बताना चाहिए कि उन्होंने जो अतिरिक्त राशि देकर आवास निर्माण की बात कही थी उसकी क्या स्थिति है।

# हेमंत सोरेन से नागपुरी फिल्म 'नासूर' की टीम ने की मुलाकात

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में नागपुरी फिल्म 'नासूर' के निदेशक राजीव सिन्हा, अभिनेता विवेक नायक, अभिनेत्री शिवानी गुप्ता एवं साउंड डिजाइनर मनोज कुमार प्रेमी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने टीम को शुभकामनाएं दीं तथा राज्य सरकार की ओर से मदद करने का आश्वासन भी दिया। नागपुरी फिल्म 'नासूर' की टीम ने मुख्यमंत्री को फिल्म की पटकथा के संबंध में जानकारी दी और कहा कि यह फिल्म डायन-बिसाही पर आधारित है। यह समाज को जागरूक करने वाली एवं प्रेरणादायी फिल्म है। फिल्म के निमार्ता एवं निर्देशक राजीव सिन्हा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि इस फिल्म का निर्माण झारखंड के ही कलाकारों एवं टेक्नीशियन को लेकर बेहद ही सीमित संसाधनों में किया गया है। बहुत



सीएम से मुलाकात करते नासूर फिल्म की टीम • फोटोन न्यूज

मशक्कत के बाद यह फिल्म रांची के जेडी सिनेमा हॉल में लगाई गई और लगातार तीन सप्ताह तक चली। इस फिल्म को दर्शकों ने बहुत सराहा। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान समय में झारखंड के अन्य जिलों में सिनेमा हॉल काफी संख्या में बंद हो चुके हैं, जिसकी वजह से इस फिल्म का प्रदर्शन संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था करने का अनुरोध किया, जिससे इस फिल्म का प्रदर्शन झारखंड के गांव-गांव तक हो सके तथा समाज में व्याप्त डायन-बिसाही जैसी कुरीति से समाज को जागरूक किया जा सके।

### IMIM के जिला अध्यक्ष ने कहा, मणीपुर शर्मसार,कड़ी कार्यवाई की मांग

# मणिपुर की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली हर किसी का मन विचलित : मो शाहिद अय्यूबी

**PHOTON NEWS RANCHI:** मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। यह घटना सभ्य समाज की कभी नहीं हो सकती। यह बातें एआईएमआईएम के जिला महानगर अध्यक्ष मो शाहिद अय्यूबी ने शनिवार को कही। उन्होंने घटना पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जिस देश में माता मरियम, माता सीता और माता हलीमा को उच्च दर्जा प्राप्त हो। जिस देश में महिलाओं को दुर्गा, काली, लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती के रूप में पूजा जाता हो, उसी देश में महिलाओं को निर्वस्त्र कर शर्मसार करना विकृत मानसिकता को दशार्ता है। इस घटना से मन आहत और विचलित है। कहने को कोई शब्द नहीं बच गया है। उन्होंने कहा स्थानीय प्रशासन और केंद्र सरकार इस घटना की समय रहते यदि रोकने का प्रयास करती तो सम्भवतः मणिपुर में इस तरह की घटना नहीं घटती। गौरतलब हो कि जब मणिपुर में हिंसा शुरू हुई थी और मणिपुर जल रहा था उसी वक्त स्वर्ण पदक विजेता मैरी कॉम केंद्र सरकार को पत्र लिखकर मदद की अपील की थी। उन्होंने केंद्र सरकार से कहा था मेरा राज्य जल रहा है, कृपया इसे बचा लें लेकिन अफसोस की बात है कि केंद्र की मोदी सरकार और मणिपुर राज्य की सरकार ना तो मेरी कौम के पत्र पर ध्यान दिए और ना ही मणिपुर को जलने से बचाया। इसी का नतीजा है कि




मणिपुर में इस तरह की शर्मनाक घटना घट गई जिससे हर भारतीय आहत है और कहीं ना कहीं सभ्य समाज स्वयं को दोषी मान रहा है। जिस तरह की घटना घटी है उसे कतई सभ्य समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। यह घटना अमानुष प्रवृत्ति का है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि केंद्र सरकार की यह जवाबदेही है कि देश के अंदर किसी भी राज्य में यदि किसी भी प्रकार की हिंसा उत्पन्न होती है तो समय रहते उस हिंसा को रोका जाना चाहिए। वहां के लोगों की जान माल की सुरक्षा की जानी चाहिए। वहां की स्थिति को सामान्य बनाया जाना चाहिए ताकि आम और खास सभी शांति के साथ रह सके। राज्य सरकार की यदि भूमिका संदेहास्पद है तो केंद्र सरकार को उस पर भी कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

मो. शाहिद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि यथाशीघ्र इस मामले की संपूर्ण और निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों को स्पीडी ट्रायल के द्वारा सजा दिलाई जाए। ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृति ना केवल मणिपुर बल्कि देश के अंदर किसी भी राज्य प्रखंड गांव कहीं भी ना हो। इस घटना से हम सभी देशवासी दुनिया की नजर में शर्मिंदा हुए हैं जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। जिन महिलाओं के साथ यह भयावह और दर्दनाक घटना घटी है, उनके और उनके परिवार के साथ मैं संवेदना प्रकट करता हूं और उनसे इस घटना के लिए माफी मांगता हूं। साथ ही अफसोस जताता हूं की इस तरह की घटना हमारे देश में हो रही है जिससे हम सभी आहत हैं।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले सांसद संजय सेठ



**PHOTON NEWS RANCHI:** रांची के सांसद संजय सेठ ने शनिवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में लोकसभा क्षेत्र के ऐसे कलाकारों को मंच प्रदान किया गया, जो गुमनाम थे। ऐसे कलाकार भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जो अभी कला के क्षेत्र में संघर्ष कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सांसद के इस आयोजन की सराहना की। वही सांसद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को रांची लोकसभा क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों के संबंध में भी अवगत कराया। विशेष संपर्क अभियान के तहत रांची लोकसभा क्षेत्र में हुए कार्यक्रमों की जानकारी उन्हें दी। उनसे मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रांची लोकसभा क्षेत्र सहित झारखंड के राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी ली है।

BRIEF NEWS

## सी-डैक बेंगलुरु और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकाइट्रि में एमओयू

**RANCHI :** सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) बेंगलुरु और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकाइट्रि रांची के बीच शनिवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। हस्ताक्षर सीआईपी सभागार में हुए। सी-डैक बेंगलुरु के निदेशक सुदर्शन और सीआईपी के निदेशक प्रोफेसर डॉ. बासुदेब दास ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य उपयोगकताओं के लाभ के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों में परियोजनाओं और समाधानों पर एक साथ काम करना है। साथ ही यह साझेदारी उपयोगकताओं को उभरती प्रौद्योगिकियों में उपलब्ध विभिन्न समाधानों से अवगत कराने का प्रयास करती है, जिससे उन्हें मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के खिलाफ लचीलाताबनाने और मानसिक कल्याण बनाए रखने के लिए इन संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम बनाया जा सके। इस मौके पर डॉ. वरुण मेहता, डॉ. उमेश एस , मोहित वेद ,डॉ. अविनाश शर्मा, डॉ. एम.के. मुखिया, डॉ. अरविंद कुमार और हरिओम पचौरी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## एमआरपी से ज्यादा कीमत पर शराब बिक्री को लेकर दुकानदार और खरीदार भिड़े

**RANCHI :** झारखंड में शराब बिक्री से अवैध कमाई का गोरखधंधा जोरों पर है। यहां खुलेआम एमआरपी से ज्यादा कीमत पर शराब बिक रही है। ज्यादा एमआरपी पर शराब बेचने को लेकर रांची के हटिया चौक स्थित शराब दुकानदार और ग्राहक के बीच जमकर मारपीट हो गयी। केवल एक दुकान में नहीं बल्कि हर दुकान में शराब एमआरपी से अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। इसको लेकर हर दिन दुकानदार और ग्राहकों के बीच नोकझोंक होती रहती है। आंकड़ों के अनुसार, राज्य में हर दिन औसतन दस करोड़ की शराब बिकती है। यहां एमआरपी से करीब पांच प्रतिशत अधिक कीमत पर शराब की बिक्री होती है। इसका हिसाब निकालें तो पूरे राज्य में शराब बिक्री से हर दिन करीब 50 लाख रुपये की अवैध कमाई हो रही है। लगभग सभी शराब दुकानों में बीयर पर दस रुपये, क्वार्टर पर दस, हाफ पर 20 और फुल पर 40 रुपये अधिक वसूला जा रहा है। ऐसा नहीं की यह चोरी-छिपे हो रहा है। सबकुछ डंके की चोट पर हो रहा है।

## नौशाद आलम और इंद्रजीत महथा डीआईजी रैंक में प्रोन्नत

**RANCHI :** रांची के ग्रामीण एसपी मो. नौशाद आलम और इंद्रजीत महथा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार इस प्रोन्नति से पदाधिकारी का वर्तमान पदस्थापन प्रभावित नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि मो. नौशाद आलम 2010 बैच और इंद्रजीत महथा 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

## मौसी बाड़ी में सुलभ शौचालय का गिरा छज्जा

**RANCHI :** झारखंड के ऐतिहासिक रथ मेला के समीप मौसी बाड़ी वार्ड नंबर 37 के अंतर्गत सुलभ शौचालय का छज्जा गिर गया है। स्थानीय लोगों का कहना है की भविष्य में सुलभ का जो बिल्डिंग है वह भी गिर सकता है। लगातार शिकायत करने के बाद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अगर अब भी शौचालय का मरम्मतीकरम नहीं किया जाता है तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# रंगदारी मांगने के बाद कारोबारी को गोली मारने के मामले में तीन ARREST

## लोहरदगा और गुमला जिले से हुई गिरफ्तारी, पांच लाख की मांगी थी रंगदारी



प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची पुलिस ने कारोबारी संतोष कुमार चौरसिया को गोली मारकर जख्मी करने वाले तीन अपराधी संजय भगत, राजेंद्र महली और उमेश उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनकी गिरफ्तारी गुमला और लोहरदगा जिले से हुई है। शनिवार को ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि आठ जून को रातू इलाके में रहने वाले कारोबारी को गोली मारा गया था। इस घटना को तीनों अपराधियों ने अंजाम दिया था। कारोबारी से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। कारोबारी ने पैसा देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद तीनों अपराधी कारोबारी के घर पहुंचे और कहा कि उनका घर बन रहा है। उन्हें मशीन की जरूरत है। कारोबारी ने मशीन देने की बात कही इसी बीच एक अपराधी ने कारोबारी को गोली मारकर जख्मी कर दिया। अपराधियों को लगा कि कारोबारी की मौत हो गई है और आरोपी मौके से भाग निकले। घरवालों ने कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया और फिर घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल और अन्य जगहों पर लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला गया तो पुलिस को आरोपियों का चेहरा मिल गया। इसके बाद तीनों की तलाश में राजधानी के कई थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई लेकिन पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया। इसके बाद पुलिस ने दूसरे जिला की पुलिस से संपर्क किया। पुलिस को जानकारी मिली कि दो आरोपी लोहरदगा के हैं और एक आरोपी गुमला का है। रांची पुलिस ने दोनों जिला में छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## कुख्यात अपराधी बबलू राय रांची से गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची पुलिस और कोडरमा पुलिस ने मिलकर रातू इलाके में छापेमारी कर शनिवार को कुख्यात अपराधी बबलू राय को गिरफ्तार किया है। कोडरमा पुलिस आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर कोडरमा लेकर गई है। पुलिस का कहना है कि बबलू राय जयनगर थाना में दर्ज एक मामले में वांछित था। बबलू राय पर पुलिस सीसीए लगा चुकी है। बबलू राय कई जिला में हथियार तस्करी का काम करता है। बबलू राय पर दर्जनों मामले दर्ज हैं। बबलू को सबसे पहले वर्ष 2017 में गिरफ्तार किया गया था। बबलू दिल्ली में रह रहा था तभी पुलिस ने उसे पकड़ कर जेल भेजा था। 4 साल जेल में रहने के बाद बबलू जमानत पर छूटा फिर हथियार तस्करी में जुट गया। रांची पुलिस का कहना है कि जल्द बबलू को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। बबलू ने अपने कई साथियों का नाम बताया है जो रांची में रहकर हथियार की तस्करी करते हैं। शुरूआती पूछताछ में बबलू ने बताया है कि वह बिहार के कई जिलों से हथियार रहता है। कोडरमा पुलिस को सूचना मिली थी कि बबलू रांची में रह रहा है। इसके बाद कोडरमा पुलिस रांची पुलिस ने बबलू के बारे में जानकारी प्राप्त किया तो पता चला कि वह रातू इलाके में छिप कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने रातू इलाके में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

इधर, रातू थाना प्रभारी ने शनिवार को बताया कि कोडरमा पुलिस ने रातू थाना क्षेत्र से बबलू राय को गिरफ्तार किया गया। वह कुख्यात अपराधी है। इसके ऊपर कई मामले दर्ज हैं। कोडरमा पुलिस उसे साथ लेकर चली गयी।

# मोदी सरनेम केस में 17 अगस्त को होगी सुनवाई

## वकील ने दी हाईकोर्ट में दाखिल याचिका की जानकारी



**SPECIAL REPORTER RANCHI :** मोदी सरनेम को लेकर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर रांची में दायर मानहानि याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। यह सुनवाई एमएलए/एमपी कोर्ट में हुई। जहां एमएलए/एमपी कोर्ट की जज अनामिका किस्कु के सामने प्रार्थी के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने मौखिक रूप से बताया कि हाइकोर्ट ने राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति के छूट संबंधी याचिका पर उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी है। यह मामला अब भी हाइकोर्ट में लंबित है। जिसके बाद कोर्ट ने हाइकोर्ट के आदेश की प्रतीक्षा में सुनवाई की अगली तिथि 17 अगस्त निर्धारित की है। झारखंड हाईकोर्ट में राहुल गांधी से संबंधित एक मामले की सुनवाई हो रही है। यह सुनवाई एमपी-एमएलए की विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देने से जुड़ा हुआ है। एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने सशरीर हाजिर होने को कहा था। तब प्रार्थी की ओर से राहत देने का अनुरोध किया गया था, लेकिन अदालत ने नहीं माना। इसके बाद राहुल गांधी हाईकोर्ट की शरण में गए। अभी मामला लंबित है। यह मामला 2019 का है। इस दौरान रांची के मोरहाबादी मैदान में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के दौरान राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी, नीरव मोदी और ललित मोदी का जिक्र करते हुए कहा था कि 'सारे मोदी सरनेम वाले चोर हैं'। इसे लेकर अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई है। याचिका में कहा गया है कि राहुल गांधी के टिप्पणी से पूरा मोदी समाज आहत है, इसलिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

**झारखंड में राहुल के खिलाफ तीन मुकदमे**

झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ तीन मुकदमे चल रहे हैं। पहला मामला वह है जिसमें नवीन झा ने रांची की निचली अदालत में अमित शाह पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। दूसरा मामला अमित शाह को लेकर है। भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में दायर किया था।

# नशा मुक्त समाज का निर्माण करना हमारा मुख्य उद्देश्य : HATIA DSP

## डोरंडा थाना क्षेत्र में पुलिस पब्लिक वार्ता का आयोजन




पुलिस पब्लिक वार्ता में विचार रखते हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा।

**इन बिंदुओं पर हुई चर्चा**

- पुलिस व पब्लिक के बीच कैसे रिश्तों मे मजबूती लाया जाए।
- जनता कैसे बिना डर और संकोच के थाने मे अपनी समस्या लेकर पहुंचे।
- अपराध पर अंकुश कैसे लगाया जाए।
- युवाओं को नशे से दूर कैसे रखे।
- लोग आपस मे कैसे मिल जुल कर सभी पर्व त्यौहार मनाए।

**CRIME REPORTER RANCHI :** पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा शनिवार को डोरंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत हिनू यूनाइटेड क्लब बिहारी मंडप मे पुलिस पब्लिक वार्ता का आयोजन किया। मौके पर मुख्य अतिथि डीएसपी हटिया राजा कुमार मित्रा ने पुलिस पब्लिक रिपोर्टर और डोरंडा वासियों का जोहार के साथ स्वागत किया उसके बाद उन्होंने अपने वक्तव्य मे कहा अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। नशा मुक्त समाज का निर्माण करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। अपराधियों को चिन्हित कर करवाई किया जा रहा है। वही ऐसे कार्यकम लगातार होने चाहिए ऐसे कार्यक्रम से आपसी भाईचारा बड़ता है साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच दूरी कम होती है। डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने कहा की नशा को दूर करने के प्रति हम अग्रसर है। पुलिस और जनता के बीच आपसी तालमेल एवम सहभागिता बढ़ाने हेतु थाना मे शांति समिति का गठन किया गया है। साथ ही वॉट्सएप ग्रुप बनाया गया है जिसमे सूचना का आदान प्रदान प्रभावी एवम स्थाई रूप से होता है ।साथ ही अपराध पर अंकुश लगाने हेतु क्षेत्र के विभिन्न गली मोहल्लों में भी एंटी क्राइम चेकिंग चलाया जा रहा है। रोड सेफ्टी जागरूकता अभियान चला कर लोगो को यातायात के संबध में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही स्कूल कॉलेजों के पास शक्ति मोबाइल के साथ तालमेल बैठा कर मनचलो एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रख करवाई की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे डीएसपी हटिया राजा मित्रा, विशेष अतिथि के रूप मे भाजपा प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, डोरंडा थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत, एकता ग्रुप के डायरेक्टर सतीश श्रीवास्तव, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी, महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार, मंत्री पप्पू वर्मा,समाज सेवी राणा जफर अली आदि मौजूद रहे।

## मोहर्रम को लेकर पिठोरिया व कांके थाना में शांति समिति की बैठक

# थाना प्रभारी ने मोहर्रम कमेटी के सदस्यों को 10-10 लोगों की टीम बनाने की दी सलाह



पिठोरिया थाना में शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी व अन्य।

**CRIME REPORTER RANCHI :** मोहर्रम त्यौहार को लेकर पिठोरिया और कांके थाना में शांति समिति का बैठक किया गया। पिठोरिया थाना में इंस्पेक्टर राजकुमार यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक के गई। वहीं कांके थाना में थाना प्रभारी आभास कुमार व अंचल अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, मोहर्रम कमिटी के सदस्य और शांति समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। मौके पर विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधि शांति और आपसी सौहार्द से त्यौहार को मनाने के बाद कही। पिठोरिया थाने में हुई बैठक में इंस्पेक्टर राजकुमार यादव ने भी प्रशासन के तरफ से विधि व्यवस्था को लेकर मोहर्रम कमेटी के सदस्यों को आश्वस्त कराया। पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने सभी मोहर्रम कमेटी के सदस्यों को 10-10 लोगों का टीम बनाने की सलाह दी, जिसके नाम और मोबाइल नंबर थाना में भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। वही नशेड़ियों पर सख्त नजर रखने की भी बात कही है। कमिटी के लोगों से अपील की है कि जुलूस में नशेडियों को शामिल ना होने दे। पिठोरिया सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की ओर से जानकारी दी गई कि 29 जुलाई को बाइक जुलूस, और 30 जुलाई को मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर राजकुमार यादव, थाना प्रभारी अभय कुमार, एसआई नीतीश, कुमार, एएसआई कृष्णा ओझा, एएसआई सोहन सिंह, पूर्व जिप सदस्य हकीम अंसारी, मीना देवी, मजीद अंसारी, अनिल केसरी, जीतनाथ बेदिया, सरवन गोप, अशफाक खान, जुल्फिकार खान, गुफरान अंसारी, जुल्फान खान वसीम, सफदर अली रितेश कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# ठगी मामले में दिल्ली से गिरफ्तार आरोपी गया जेल

**CRIME REPORTER RANCHI :** न्यायिक दंडाधिकारी कुमार सौरभ त्रिपाठी की अदालत में रेलवे में करोड़ों का ठेका दिलाने का झांसा देकर 68 लाख रुपये की ठगी मामले में दिल्ली से गिरफ्तार आरोपी विशाल पांडेय को शनिवार को पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया है। रांची पुलिस ने दिल्ली पुलिस की मदद से शुक्रवार को विशाल पांडेय को गिरफ्तार किया था। इसके बाद वहां की अदालत में पेश करके तीन दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया था। आरोपी बिहार के भोजपुर जिला के आरा टाउन क्षेत्र का निवासी है। वर्ष 2021 में रांची में रेलवे में ठेके के नाम पर आरोपी ने अजय सिंह से 68 लाख रुपये की ठगी की थी। आरोपी के खिलाफ ठगी के आरोप में इटकी रोड सर्वेश्वरी नगर निवासी कारोबारी अजय कुमार सिंह ने 18 नवंबर 2022 को पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। उसके आधार पर दिल्ली पुलिस की मदद से पंडरा पुलिस ने उसे दिल्ली के सेक्टर-17 से गिरफ्तार कर लिया।

# रिम्स में उपद्रव मचाने वाले विद्यार्थी होंगे चिह्नित, बनेगी जांच TEAM

**CRIME REPORTER RANCHI :** रिम्स हॉस्टल और निदेशक आवास में उपद्रव मचाने वाले सीनियर और जूनियर डॉक्टरों को चिह्नित करने के लिए जांच टीम गठित की जायेगी। डीन स्टूडेंट एंड वेलफेयर कमेटी ने निदेशक डॉ राजीव गुप्ता से जांच टीम गठित करने का आग्रह किया है। कमेटी के डीन डॉ शिव प्रिये ने कहा कि विद्यार्थियों की इस हरकत से रिम्स की छवि खराब हुई है। ऐसे में दोषियों पर कार्रवाई जरूरी है। इधर, हॉस्टल के वार्डन, डीन और प्रबंधन का कहना है कि आखिर मारपीट ने इतना बड़ा रूप कैसे ले लिया और हॉस्टल परिसर में 300 से ज्यादा विद्यार्थी रात को कैसे एकत्रित हो गये। यह चिंता का विषय है। वहीं, देर रात निदेशक आवास में विद्यार्थियों का हंगामा करना भी अनुशासनहीनता है। ऐसे में सीसीटीवी फुटेज भी निकाला जायेगा। जांच टीम में डीन, विभागाध्यक्ष और वार्डन को शामिल करने का आग्रह किया गया है। सूत्रों के अनुसार, मारपीट में जेडीए की संलिप्तता भी सामने आ रही है। क्योंकि, जेडीए पदाधिकारी भी उस समय मौजूद थे। हॉस्टल खाली कराने के बाद स्टूडेंट वेलफेयर कमेटी और हॉस्टल के वार्डन ने निरीक्षण कर कई कमरों में अलग से ताला लगवाया। वहीं, जिन कमरों की कुंडी में दो ताला फिट नहीं हो रहा था, उसके लिए कुंडी की खरीदारी की गयी है। इसके बाद कुंडी लगा कमरों में ताला लगाया जायेगा। इधर, रिम्स में सात जुलाई को हुई मारपीट के मामले में चिह्नित विद्यार्थियों को भी 15 दिन बाद अभिभावक और शपथ पत्र के साथ आने को कहा गया है।

# वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी की अग्रिम बेल याचिका खारिज

**CRIME REPORTER RANCHI :** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत याचिका पर ईडी के विशेष कोर्ट ने फैसला सुनाया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को दोनों आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए याचिका को खारिज कर दी। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया।

**22 फरवरी को वीरेंद्र राम को ईडी ने किया था गिरफ्तार**

उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किए थे।

## मणिपुर में गैंगरेप की घटना का महिलाओं ने किया विरोध, पुतला भी फूंका

# आदिवासी महिला संगठनों ने निकाला आक्रोश मार्च



**PHOTON NEWS RANCHI :** मणिपुर की हिंसा और दो युवतियों के चीरहरण की घटना को लेकर जस्टिस फॉर मणिपुर सामूहिक दुष्कर्म, पीड़िता सर्ववाइवर के बैनर तले विभिन्न आदिवासी महिला संगठनों ने शनिवार को डंगराटोली चौक से पदयात्रा निकाला। अल्बर्ट एक्का चौक पर मणिपुर हिंसा में आदिवासी महिलाओं के साथ घृणित कार्य के विरोध में जोरदार प्रदर्शन और पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय महिला और बाल कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी व मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह का पुतला दहन किया। महिलाओं ने कहा कि यह शर्मनाक घटना देश की आधी आबादी पर एक घातक प्रहार है। देश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा एक धोखा साबित हुआ है। ह्यूमन एक्टिविस्ट तारामणी साहु ने कहा कि अमृतकाल और आजादी का अमृत महोत्सव के नाम पर बेटियों को सड़क पर नंगा घुमा कर और खुलेआम उनका दुष्कर्म किया जा रहा है। ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाया जाए। महिला सुरक्षा के नाम पर हर रोज अत्याचार हो रहा है। समाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला ने कहा कि मणिपुर के जलते वक्त प्रधानमंत्री का तीन महीनों की चुप्पी और विदेशी यात्रा, यह दशार्ता है कि अब देश चलाना, इनके बस की बात नहीं। प्रधानमंत्री इस कुर्सी के लायक नहीं है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का इस बर्बरतापूर्ण मामले पर चुप रहना महिलाओं और आदिवासीयों के लिए और भी घातक साबित हो रहा है।

# राज्य के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को दिया गया ईवीएम का प्रशिक्षण

**PHOTON NEWS RANCHI :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग ने शनिवार को रांची स्थित एटीआई सभागार में राज्यभर के डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया। ईवीएम बनाने वाली हैदराबाद की कंपनी ईसीआईएल के विशेषज्ञ कृष्णा त्रिपाठी सहित अन्य लोगों ने तकनीकी जानकारी दी। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के सचिव मधुसूदन गुप्ता ने अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि ईवीएम में ना तो किसी तरह की छेड़छाड़ की जा सकती है और ना ही कोई सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है। चुनाव के दौरान या उससे पहले ईवीएम में छेड़छाड़ करने पर यह मशीन बंद हो जायेगी। एम-3 नाम से यह ईवीएम अगले लोकसभा चुनाव में लगाया जायेगा। यह ईवीएम मशीन हाईटेक सिस्टम से युक्त है जो वन टाइम प्रोग्रामेबल है इसमें किसी तरह का साफ्टवेयर नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव के दरमियान झारखंड सहित देशभर में एम 3 मशीन का प्रयोग किया जाएगा। 2019 के चुनाव में एम2 और एम3 मशीन का प्रयोग किया गया था। हर 15 वर्ष के बाद ईवीएम को नष्ट कर दिया जाता है। झारखंड में ईवीएम की एम2 मशीन कुछ हैं, जिनका प्रयोग नहीं किया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी और एफएलसी सुपरवाइजर की मीटिंग के बाद जिला स्तर पर निर्वाचन कर्मियों को ईवीएम के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान जिलों की सुरक्षा व्यवस्था, लोकसभा क्षेत्रों की भौगोलिक संरचना, संवेदनशील, अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की व्यवस्था, जिले में दलगत स्थिति, नेताओं की भूमिका समेत अन्य कई विषयों पर चर्चा हुई।

**BRIEF NEWS**

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर एक विशेष कार्यशाला' का हुआ आयोजन



**RAJRAPPA:** स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रखण्ड कार्यालय चितरपुर के सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण)- 2023 को लेकर एक विशेष कार्यशाला' का आयोजन किया गया. जिसमें जिला को स्वच्छ सर्वेक्षण जिला का रेंकिंग ऊपर लाया जा सके। इसकी तैयारी के तहत गाँव में शौचालय का प्रयोग हो, आदि कार्य. ताकी गाँव को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। इस कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया अरविंद सिंह, बसंती देवी, जल सहिया वीणा देवी, पंचायत सचिव सिंकदर अंसारी, सुमित कुमार, डेवनेट से वरुण सिन्हा, प्रखण्ड समन्वयक ओमनाथ महतो, सोशल मोबालाइजर अरुण सिंह आदि मौजूद थे।

## हमें पौधे का पेड़ बनने तक बच्चों की तरह संरक्षण करना चाहिए: विकास बंसल



**RAJRAPPA:** बोरोबिंग स्थित विशाल स्पंज प्लांट परिसर में रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के सौजन्य से मेघा प्लांटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष विकास बंसल, सचिव अंकित जैन, विशाल स्पंच के निदेशक मुकेश अग्रवाल, बोरोबिंग मुखिया बंसती देवी, मुखिया प्रतिनिधि चित्रगुप्त महतो मौजूद थे। मौके पर रोटरी रामगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना अनिवार्य है। हमें पौधे का पेड़ बनने तक बच्चों की तरह संरक्षण करना चाहिए। पौधा पेड़ बनकर हमें फल देता है। अध्यक्ष ने आगे कहा कि रामगढ़ रोटरी सेंट्रल मेघा वृक्षारोपण कार्यक्रम चला रही हैं। जिसके तहत आज 500 पौधे लगाएं गए। वही 10000 पेड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। ताकि पर्यावरण शुद्ध रहे सकें। वही विशाल स्पंज के निदेशक ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है।

## निष्ठा व ईमानदारी से संगठन के लिए कार्य करें: संजीव बेदिया



**BHUEKUNDA:** हजारीबाग जिला में आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय पत्र जारी कर झामुमो की जिला, प्रखंड व पंचायत कमेटी को भंग करते हुए नयी कमेटी गठन करने को ले जिला संयोजक मंडली का गठन किया है। जिला संयोजक मंडली में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखण्ड परिवहन प्राधिकार के सदस्य संजीव बेदिया को मुख्य संयोजक बनाया गया है। संजीव बेदिया के झामुमो हजारीबाग जिला का मुख्य संयोजक बनने पर झामुमो कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। कार्यकताओं ने कहा कि संजीव बेदिया के मुख्य संयोजक बनने से हजारीबाग जिला कमेटी और बड़कागांव विधानसभा पार्टी स्तर से काफी मजबूत होगा। अपने इधर मनोनयन पर खुशी का इजहार करते हुए संजीव बेदिया ने कहा की झारखण्ड के महानायक दिशोम गुरु शिबु सोरेन व झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह कार्यभार सौंपा है ।

# DMFT मद से संचालित योजनाओं की स्थिति का जायजा लेने पहुंची DDC

## विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**PHOTON NEWS CHATARA:** उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित शनिवार को केरेडारी प्रखंड का दौरा कर डीएमएफटी मद से स्वीकृत विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ओटी रूम में ओपीडी के लचर संचालन प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त की। केंद्र में प्रसव करवाने वाली महिलाओं को बेबी केयर किट उपलब्ध कराने सहित आवश्यक उपकरणों का आकलन कर यथाशीघ्र सिविल सर्जन के माध्यम से सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। केरेडारी पंचायत के आंगनवाड़ी संख्या 101 का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित महिला पर्यवेक्षक को केंद्र में साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने एसएस +2 उच्च विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रधानाध्यापक को यथाशीघ्र आईसीटी लैब एवं विज्ञान प्रयोगशाला को चालू करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीडीसी विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों से रूबरू हुईं एवं उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने की सीख दी। निरीक्षण के क्रम में प्रधानाध्यापक के द्वारा विद्यालय में पानी की समस्या एवं चारदिवारी निर्माण में आ रही समस्या के विषय में अवगत कराया इस पर उप विकास आयुक्त ने पानी की समस्या को पेयजल विभाग के माध्यम से हल कराने का आश्वासन दिया। स्थल पर उपस्थित अंचल अधिकारी, केरेडारी को अमीन के द्वारा दो दिनों में विद्यालय की जमीन की मापी करा कर चारदीवारी निर्माण में आ रही समस्या को दूर करने का निर्देश दिया।



अधिकारियों को निर्देश देती उप विकास आयुक्त • फोटोन न्यूज

उन्होंने जिला परिषद के सहायक अभियंता को अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने इसके उपरांत सलगा पंचायत में मनरेगा कार्य,मध्य विद्यालय पेटो में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

उप विकास आयुक्त ने बरियातू पंचायत के ग्राम राजाबागी से गारीखुर्द तक चल रहे पथ निर्माण कार्य का अवलोकन किया। जिला परिषद के सहायक अभियंता को रोड का फ्लैंक भरते हुए गरीखुर्द गांव तक के पथ के लिए शेष प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सभी एजेंसियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया।

इस दौरान सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्टो बेसरा, अंचलाधिकारी राकेश तिवारी आदि उपस्थित रहें।

# जर्जर सड़क पर जलजमाव, लोगों ने धान रोपनी कर विरोध किया

**PHOTON NEWS RAMGARH:** प्राचीन चैती दुर्गा मंदिर सौदागर मोहल्ला, न्यू कॉलोनी क्षेत्र की मुख्य जर्जर सड़क, नाली की बदतर स्थिति है। लोगों में आक्रोश है, शनिवार को स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। सड़क में बारिश के जलजमाव से आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क पर जलजमाव में धान रोपनी कर विरोध किया। इसका नेतृत्व युवा नेता राजेश ठाकुर ने किया। उन्होंने ने बताया कि कुछ दिन पूर्व हम लोगों ने नाली, सड़क बनाने की मांग को लेकर लगभग 11 किलोमीटर सांकेतिक पदयात्रा किया था और रामगढ़ की उपायुक्त को एक लिखित ज्ञापन सौंपा था। उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई ,आज भी सड़क की स्थिति बहुत दयनीय है। छावनी परिषद और जिला प्रशासन के उदासीन रवैया से रामगढ़ शहर की नाली और सड़कों की स्थिति बहुत ही खराब है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढें बने गये है इससे कई दुर्घटना हो जा रही है। जलजमाव का भारी मात्रा में गंदा पानी घरों तक जा रहा है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। नाली के पानी घरों में घुस जा रहा है। श्री ठाकुर ने बताया कि रामगढ़ शहर के आठों वार्ड में नाली और सड़कों की स्थिति जर्जर है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। हम लोग मांग करते हैं रामगढ़ शहर की सड़क एवं नालियां जल्द से जल्द बनाई जाए अन्यथा आने वाला समय में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसकी सारी जिम्मेवारी जिला प्रशासन और छावनी परिषद पदाधिकारियों की होगी। धान रोपनी कार्यक्रम में राजेश ठाकुर के अलावा अमित ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, अशोक रजक संतोष कुमार आकाश कुमार ,अजय ठाकुर ,कपिल ठाकुर, शंकर ठाकुर ,कृष्णा पांडे, रवि कुमार, मनोज सोनी, सुनील रजक, रघु रजक आदि शामिल थे।



जर्जर सड़क पर धान रोपनी कर विरोध प्रदर्शन करते स्थानीय लोगों • फोटोन न्यूज

# विशेष अभियान का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायं ग्रामीण : सत्यवंती देवी

**PHOTON NEWS BHUEKUNDA:** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में चल रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक के बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र का आवेदन आवेदकों से जमा लिया गया। इस दौरान सभी प्रकार के पेंशनधारियों का आधार कार्ड का छायाप्रति व मोबाईल नंबर लेकर वार्षिक केवाईसी किया गया। मौके पर पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया की सभी बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र बनाना अनिवार्य है। क्योंकि बिना जन्म प्रमाण-पत्र के आधार कार्ड नहीं बन सकता है और आज के समय में आधार कार्ड की उपयोगिता हम सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि बिना आधार कार्ड के न ही स्कूलों में दाखिला होती है,



आवेदकों से जन्म प्रमाण-पत्र का आवेदन लेते मुखिया व पूर्व मुखिया • फोटोन न्यूज

ना ही बैंकों में खाता खुलता है और ना ही सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिल पायेगा।

मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशनधारियों का वार्षिक केवाईसी हो रहा है एवं उनका मोबाइल नंबर पेंशन के साथ जोड़ा जा रहा है। ताकि उनको पता चल सके कि उनका पेंशन नियमित रूप से मिल रहा है कि नहीं। उन्होंने पंचायत सचिवालय में चल रहे इस विशेष अभियान का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ उठाने की अपील की। मौके पर पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, पंचायत सचिव सागर कुमार, प्रशांत कुमार, शकुंतला देवी, तिलोतमा तिवारी, सेविका किरण सिंह, सहायिका शकुंतला देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

# खेल के क्षेत्र में बच्चों को आगे ले जाना है विभाग का मुख्य मकसद : हातिम अंसारी

**PHOTON NEWS RAJRAPPA:** चितरपुर प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2024 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी रजरप्पा प्रोजेक्ट के मैदान में किया गया। बीआरपी हातिम अंसारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ. मौके पर उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में बच्चों को आगे ले जाना है विभाग का मुख्य मकसद है। खेल के माध्यम से बच्चों के अंदर प्रतिभा का सृजन करना एवं सृजित प्रतिभा को उचित स्थान उपलब्ध कराना, साथ ही साथ शारीरिक एवं मानसिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। मंच का संचालन संयुक्त रूप से डॉ. सरफराज अहमद एवं



कार्यक्रम में मौजूद खिलड़ी व अथितिगण • फोटोन न्यूज

असगर अली ने किया। विजेता बालक 14 वर्ष के अंतर्गत यूएचएस भूचुंगडीह एवं उपविजेता यूएचएस रजरप्पा प्रोजेक्ट और बालिका 17 वर्ष के अंतर्गत विजेता आरबी प्लस टू हाई स्कूल सांडी बालक 17 वर्ष अंतर्गत विजेता यूएचएस रजरप्पा प्रोजेक्ट उपविजेता उत्क्रमित विद्यालय चितरपुर को पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया एवं अंत में विजेता टीम को निर्धारित तिथि 25, 26 को जिला स्तरीय फ्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्देश बीआरपी हातिम अंसारी द्वारा दिया गया. साथ ही सभी छात्र छात्राओं को अपने बेहतर प्रदर्शन के साथ अपने प्रखंड का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति शारीरिक शिक्षकों की रही जिनके द्वारा खेल को पूरी खेल पद्धति से संपन्न कराने में बच्चों को इस प्रतियोगिता के लिए तैयार करने एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निरंतर कार्यरत रहे। इस कार्यक्रम में विशेष शिक्षक पावेल कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद की विशेष उपस्थिति रही. मौके पर बीआरपी प्रिया कुमारी, सीआरपी सहित ओहदार हीरू प्रजापति, रामविलास, नोडल शारीरिक शिक्षक सोनू करमाली, शाहनवाज, संतोष कुमार, रोशन करमाली, मजीद आलम, दिलीप कुमार आदि उपस्थित थे।

# कुष्ठ रोग खोजी अभियान के मद्देनजर टीम ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

**PHOTON NEWS RAMGARH:** शनिवार को कुष्ठ रोग खोजी अभियान के तहत राज्य स्तरीय टीम ने रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान झारखंड स्टेट कंसलटेंट रांची , डॉ सिद्धार्थ विश्वाल एवं झारखंड स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ काशीनाथ चक्रवर्ती की अध्यक्षता में गठित टीम ने सर्वप्रथम चितरपुर प्रखंड के लारी एवं गोला प्रखंड के रकुवा के स्क्रीनिंग कैम्प का सर्वेक्षण किया। मौके पर कुल 112 संदिग्ध लोगों की जांच की गई एवं 9 लोगो मे कुष्ठ रोग की पुष्टि की गई साथ ही उनका रेजिस्ट्रेशन कर दवाइयों का भी वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने अब तक हुए सर्वे कार्य का जायजा लेते हुए टीम ने संदिग्ध पाए गए लोगों की सही तरीके से शारीरिक जांच करने एवं कुष्ठ रोगियों का अच्छे से उपचार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सुदुर क्षेत्रों में रहने



वाले लोगों एवं स्लम क्षेत्र के लोगों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सर्वे कार्य में लगी सहियाओं तथा सुपरवाइजर्स को कुष्ठरोग खोजी अभियान के विषय में कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी। मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा, जिला काय चिकित्सक डॉक्टर सावंत कुमार, पीएमडब्लूयु मनीषा कुमारी एवं पंकज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## सांसद और विधायक के हाथो डाडी पुल का आज किया जायगा शिलान्यास

**RAMGARH:** डाडी पुल का शिलान्यास कल सांसद और विधायक के कर कमलों के द्वारा किया जाएगा। डाडी. प्रखंड के पंचायत बलसगरा पतरवा होते डाडी. प्रखंड के हिरक पथ के चैनेज 15+725 किलो मीटर में डाडी. नदी पर उच्च स्तरीय पुल( लम्बाई 44.76 मीटर ) के निर्माण कार्य का शिलान्यास हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा और मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल दोनों की गरिमामय उपस्थिति में किया जाएगा।उक्त जानकारी डाडी. मंडल अध्यक्ष वकील कुमार महतो ने दिया।डाडी. मंडल अध्यक्ष वकील कुमार महतो ने पिछले दो तीन वर्षों से डाडी पुल पर सांसद और विधायक को दोनों प्रतिनिधि को ध्यान आकृष्ट करने के साथ साथ दोनों प्रतिनिधि से इस पुल का अनुशंसा करवा कर जेई से स्टीमीट बना कर तैयार करवा था।इस पुल बन जाने से अब लोगों को आना जाना में किसी भी प्रकार के दिक्कत नहीं होगा।

# जनता को परेशान करने वाली कार्य प्रणाली बंद करें : रोशनलाल चौधरी

## भ्रष्टाचार के खिलाफ पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 4 को हल्ला बोलेगी आजसू

**प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में आजसू लगाएगी जनसमस्या निवारण शिविर**

**PHOTON NEWS RAMGARH:** पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में शनिवार को आजसू पार्टी की आवश्यक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवं संचालन प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चैधरी एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव विजय साहू उपस्थित थें। बैठक को संबोधित करते हुए रोशनलाल चैधरी ने कहा की वर्तमान राज्य सरकार



बैठक में उपस्थित आजसू पदाधिकारी व कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

और उसमें शामिल दलों ने आमजनता के साथ छल किया है। प्रखंड कार्यालयों में विभिन्न योजनाओं का लाभ देने में जनता को परेशान किया जा रहा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार हावी है। क्षेत्र नेतृत्वविहीन है। हर तरफ अव्यवस्था है। जनता का कोई काम नही हो रहा है और विकास कार्य ठप है। श्री चैधरी ने कहा कि जनहित की योजना कार्यान्वित नहीं है। जिसके आलोक में आजसू पार्टी द्वारा आगामी 4 अगस्त को पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर साह कॉलोनी के संजय सिंह को पंचायत अध्यक्ष एवं अजीत कुमार को सचिव मनोनित किया गया।

साथ ही बताया गया कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आजसू पार्टी द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर लगाकर जन समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मौके पर जिला प्रवक्ता बीरेंद्र झा, जिला उपाध्यक्ष राजू कुमार, भुन्नु सिंह, चंदन कुमार, जिला संगठन सचिव विक्रांत साहू, अशोक पाठक, कौलेश्वर महतो, राहुल रंजन, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, लक्ष्मीकांत महतो, टिकेश्वर महतो, मनोज राम, जानकी मुंडा, अजय रवि, रंजीत तिवारी, बिनोद कुमार, गणेश करमाली, धीरज राम, महेंद्र महतो, भीम सिंह, सुधीर कुमार आदि मौजूद थें।

## आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर की जा रही हैं तैयारिया

# CO की अध्यक्षता में हुआ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH:** आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में ऑनलाइन मीटिंग सॉफ्टवेयर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके उनके क्षेत्रों में अभी से ही क्षेत्र भ्रमण करने एवं लाइसेंस




धारी समितियों को पर्व के मद्देनजर आवश्यक जानकारियां एवं दिशा निर्देश देने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि किसी भी क्षेत्र में बिना लाइसेंस के किसी भी समिति द्वारा जुलूस ना निकाला जाए वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से उन्होंने आवश्यकतानुसार स्वास्थ सेवाओं व एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति समिति की बैठक आयोजित कर सदस्यों को पर्व के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी को किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी प्रशासन को देने एवं अधिकारियों को त्वरित मामलों पर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देंने एवं किसी भी तरह से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी थाना प्रभारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार 107 सहित अन्य धाराओं से संबंधित प्रतिवेदन अनुमंडल स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान साफ सफाई का जायजा लेने एवं कमी पाए जाने पर आवश्यकतानुसार अधिकारियों के साथ समन्वय कर कार्य कराने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में समिति से पूर्व में ही जुलूस के रूट की पूरी जानकारी लेने एवं जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट से ही जुलूस निकाला जाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट और पटना हाई कोर्ट के जस्टिस ने दशशीशा नाथ महादेव की पूजा-अर्चना की



**PHOTON NEWS PALAMU:** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोली व पटना हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ अंशुमन पाण्डेय ने शनिवार को जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के उतर कोयल सोन व सरस्वती नदी के संगम पर स्थापित बाबा दशशीशा नाथ महादेव का विधिवत पूजा-अर्चना की। आचार्य पंडित पुरुषोत्तम पाठक ने दोनों को पूजा-अर्चना करायी। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान नौहट्टा राजकीय अस्पताल में प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक राजू रंजन की देखरेख स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राकेश कुमार पाण्डेय ने दोनों जस्टिस और रोहतास के पुलिस अधीक्षक विनीत को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोली ने कहा कि इस स्थान की चर्चा कई धर्मग्रंथों में भी है। उल्लेखनीय है कि बान्दु गांव से करीब आधा किलोमीटर दक्षिण में बिहार-झारखण्ड की सीमा पर सोन नदी के मध्य धारा में विशाल शिलाखण्ड पर बने चबूतरे पर शिवलिंग विराजमान है। कहा जाता है कि त्रेता युग में इस शिवलिंग की पूजा रावण ने की थी।

BRIEF NEWS

## को ऑपरेटिव कॉलेज इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए पहली मेधा सूची जारी

**JAMSHEDPUR :** को-ऑपरेटिव कॉलेज में इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य एवं विज्ञान में नामांकन की प्रथम औपबंधिक चयन सूची महाविद्यालय के वेबसाइट www.interjcc.in में अपलोड कर दी गयी हैं। प्रथम सूची में चयनित छात्र-छात्राएं दिनांक 24 से 30 जुलाई तक महाविद्यालय आकर नामांकन ले सकतें हैं। विस्तृत सूचना महाविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। जहां विजिट कर छात्र एडमिशन से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अमर सिंह ने दी। विदित हो कि कॉलेज के तीनों संकाय में एडमिशन के लिए 1600 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया है।

## करीम सिटी कॉलेज में डीएलएड एडमिशन की प्रक्रिया शुरू

**JAMSHEDPUR :** करीम सिटी कॉलेज (मानगो कैम्पस) में डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) वर्तमान सत्र (2023-2025) में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने दी। उन्होंने बताया कि यह दो सालों का शिक्षक प्रशिक्षण कोर्स है जिसको पूरा कर लेने के बाद प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक बनने का अवसर प्राप्त होता है। यह बात हम सभी जानते हैं कि शिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। इस कोर्स में वे सभी विद्यार्थी नामांकन करा सकते हैं जिन्होंने कला, विज्ञान तथा वाणिज्य में इंटरमीडिएट पास कर लिया है। सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम अंक 50% तथा ओबीसी/एससी/ एसटी के लिए 45% होना चाहिए तथा उनकी आयु 1 जुलाई 2023 को अधिकतम 18 वर्ष होनी चाहिए। डीएलएड करने का एक बड़ा फायदा यह है की इसके बाद विद्यार्थी इग्नू द्वारा बीएड तथा एमएड बहुत ही आसानी के साथ कर सकते हैं तथा स्कूली शिक्षण व्यवस्था में किसी भी सतह पर सफल शिक्षक बन सकते हैं।

## घर में घुसकर लैपटॉप व मोबाइल की चोरी, मामला दर्ज

**JAMSHEDPUR :** मानगो थाना अंतर्गत जवाहरनगर रोड नंबर 13 डी निवासी सद्दाम हुसैन के घर में घुसकर लैपटॉप और मोबाइल की चोरी कर ली गई। घटना शुक्रवार सुबह 8 बजे की है। इस संबंध में सद्दाम ने मानगो थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सद्दाम ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह वे घर पर ही थे। इसी बीच उन्होंने पाया कि घर में रखा मोबाइल और लैपटॉप गायब है। संभवतः सुबह किसी ने घर के अंदर घुसकर मोबाइल और लैपटॉप चुरा लिया है। इधर, शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## पावर ब्लॉक को लेकर टाटानगर से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनें रद्द

**JAMSHEDPUR :** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर डिवीजन में आसनबनी और सलगाझुरी स्टेशन के बीच सबवे लगाने को लेकर रेलवे की ओर से पावर ब्लॉक लिया जाएगा। पावर ब्लॉक को लेकर रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है, वहीं कई ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट किया गया है। शनिवार को ट्रेन नंबर 12810 हावड़ा-मुंबई (सीएसएमटी) जो हावड़ा से शाम 7.50 बजे खुलती है, यह ट्रेन रात 10.10 बजे हावड़ा से खुलेगी। वहीं 23 जुलाई (रविवार) को भी कई ट्रेनें रद्द की गई है। रविवार को 08055/08056 खड़गपुर-टाटानगर-खड़गपुर पैसेंजर स्पेशल, 08071/08072 खड़गपुर-टाटानगर-खड़गपुर पैसेंजर, 08151/08152 टाटानगर-बरकाकाना-टाटानगर पैसेंजर और 08014/08013 चक्रधरपुर-टाटानगर-चक्रधरपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। वहीं, 08173 आसनसोल-टाटानगर पैसेंजर 23 जुलाई को शॉर्ट टर्मिनेट की गई है। यह ट्रेन आसनसोल से पुरुलिया तक चलेगी और यही ट्रेन पुरुलिया से आसनसोल के लिए रवाना हो जाएगी। जबकि 18019/18020 झाड़ग्राम-धनबाद-झाड़ग्राम 25 जुलाई से 28 जुलाई तक शॉर्ट टर्मिनेट रहेगी।

### विधायक SARYU ROY की अध्यक्षता में अक्षेस कार्यालय सभागार में बैठक का आयोजन

# लोगों को समय पर गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध करना हमारी प्रतिबद्धता : सरयू राय

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना के सुदृढ़ीकरण करने और इसके विस्तारित फेज-2 का क्रियान्वयन को लेकर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की अध्यक्षता में जमशेदपुर अक्षेस कार्यालय सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया।



सरयू राय की फाईल फोटो।

बैठक में धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा, जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी, संजय कुमार और टाटा स्टील यूआईएसएल के राजवर्द्धन तथा यूआईएसएल के के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर टाटा स्टील के पदाधिकारियों ने बताया कि वे अब तक 5000 नये पेयजल कनेक्शन दे चुके है और पहले की 6000 अवैध कनेक्शन में से 3700 को वैध कर दिया है। शेष 2300 कनेक्शन को वैध करने का काम चल रहा है। कनेक्शन को वैध करने के लिए सर्वे के साथ साथ कैम्प लगाया जाएगा।

### 7000 मीटर नये पाईपलाईन बिछने पर काम शुरू

वर्तमान मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना के क्षेत्र में 7000 मीटर नये पाईपलाईन बिछाने पर काम चल रहा है। जिससे 1000 नये घरों में पेयजल कनेक्शन दिया जायेगा। पेयजल कनेक्शन का जो पाईप नालों में से होकर गुजरे हैं, वे भी अलग होंगे और 1500 नये कनेक्शन जुड़ेंगे। इस तरह कुल मिलाकर करीब 2000 नये पेयजल कनेक्शन इसके माध्यम से मोहरदा पेयजल आपूर्ति परियोजना क्षेत्र में लाये जायेंगे।

विधायक सरयू राय ने बैठक में बताया कि समय पर गणवत्ता युक्त जलापूर्ति हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए नए सेटलिंग पोंड का निर्माण, नए राईजिंग पाइप का निर्माण, भुवनेश्वरी मंदिर के पास नए जीएसआर पानी टंकी का निर्माण कराना अत्यंत आवश्यक है। विधायक ने बताया की सभी पानी टंकियों का जीर्णोद्धार करना एवं सुरक्षा के लिए चहारदीवारी का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने अक्षेस को निर्देश दिया कि पानी टंकी परिसर में पर्याप्त रोशनी के लिए सोलर लाइट अधिष्ठापन करवाया जाय। परिसर में अनुदेश बोर्ड लगवाया जाय ताकि कोई भी संपत्ति को क्षति न पहुँचाये। आगे चलकर सीसीटीवी लगाकर निगरानी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र वासियों के हित को ध्यान में रखते हुए कनेक्शन चार्ज को कम करने के लिए प्रत्येक मुहल्लों में पाइपलाइन बिछायी जाय। जिससे नजदीक से कनेक्शन मिलने के कारण कनेक्शन चार्ज भी कम होगा पाएगा और पानी का प्रेशर भी ठीक रहेगा। विधायक श्री राय ने सेटलिंग पौंड का निर्माण, नए राईजिंग पाइप का निर्माण, भुवनेश्वरी मंदिर के पास नए जीएसआर टंकी का कार्य के लिए सर्वे कार्य 5 अगस्त तक फिजीबिलिटी रिपोर्ट 15 अगस्त तक एवं 30 अगस्त तक डीपीआर तैयार कर लेने के लिए कहा।

## कामेश्वर प्रसाद बने आजसू छात्र संघ के जिलाध्यक्ष

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** रांची स्थित आजसू कार्यालय में शनिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कामेश्वर प्रसाद को अखिल झारखंड छात्र संघ के पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष की रूप में मंनोनित किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह के द्वारा उन्हें माला एवं पार्टी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कामेश्वर प्रसाद ने कहा आजसू छात्र संघ के द्वारा जिला अध्यक्ष के रूप में बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए वो आजसू छात्र संघ के प्रदेश एवं कोल्हान कमेटी का आभारी है। उन्होंने कहा कि वो दी गई सभी जिम्मेदारी को निष्ठा पूर्वक करेंगे। साथ ही आजसू छात्र संघ को और भी मजबूत करने का काम करूंगा। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह, कोल्हान अध्यक्ष हेमंत पाठक, कोल्हान महासचिव बिमलेश मंडल, राजेश महतो, संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।



कामेश्वर प्रसाद का सम्मान करते आजसू प्रभारी। • फोटोन न्यूज

# विभिन्न मांगों को लेकर AIDSO व JCM का ग्रेजुएट कॉलेज में प्रदर्शन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन और झारखंड छात्र मोर्चा के संयुक्त तत्वधान में ग्रेजुएट कॉलेज विभिन्न समस्याओं को लेकर कॉलेज में प्रदर्शन कर प्राचार्य के माध्यम से कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। एआईडीएसओ जमशेदपुर नगर अध्यक्ष शुभम कुमार झा ने कहा कि कोल्हान विश्वविद्यालय के अंतर्गत जमशेदपुर में ग्रेजुएट कॉलेज एकमात्र महिला कॉलेज है और इसे अलग नया भवन मिला है, हम जानते हैं कि कॉलेज के विकास के लिए और भी कई कार्य यहां होने हैं। और यह तभी संभव है जब यहां स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति हो।इसलिए हमारी मांग है कि



धरने पर बैठे एआईडीएसओ व जेसीएम के छात्र। • फोटोन न्यूज

1. स्नातक नामांकन पोर्टल को चालू किया जाए। जितने भी छात्र-छात्राएं नामांकन के लिए अप्लाई किए हैं सभी का नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

2. स्नातक सेमेस्टर-5 ओल्ड कोर्स का परीक्षा कार्यक्रम जल्द से जल्द जारी किया जाए।

3. छात्र संघ का चुनाव जल्द से जल्द कराया जाए।

**छात्रों ने कहा मांगे नहीं मानी गई तो करेंगे आंदोलन :** अगर इन मांगों को लेकर विश्वविद्यालय उचित निर्णय नही लेता है तो छात्र समुदाय आंदोलन को बाध्य होगा। आज के प्रदर्शन में जेसीएम से बिपिन शुक्ला, एआईडीएसओ जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव, नगर सचिव सविता सोरेन, सहित दर्जनों छात्राएं उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य केंद्र के 11 कर्मियों का कटेगा एक दिन का वेतन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिले के सिविल सर्जन डा. जुझार माझी पूरे एक्शन में दिख रहे हैं। वे लगातार विभिन्न प्रखंडों का निरीक्षण कर वहां की स्थिति से अवगत हो रहे हैं। इसी क्रम में वे मुसाबनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचे। जहां की स्थिति देख वह भी हैरान हो गए। दरअसल, यहां बिना सूचना के 11 स्वास्थ्य कर्मी गायब थे। इसकी जानकारी चिकित्सा प्रभारी को भी नहीं थी। जिसे देख सिविल सर्जन भड़क गए। उन्होंने सभी अनुपस्थित कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया है।

वहीं, शोकाज भी किया गया है। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सिविल सर्जन ने लिपिक प्रवीण महतो, एएनएम सुबासिनी बारिक, रौशनी गौमा, नीलिमा भेंगरा, रेणु कुमारी, गुड्डु कुमारी, हीरामणी, डूगी देवगम, फूलो किस्कु, बीरेंद्र सिंहदेव व सुशीला टुडू को शोकाज किया है। सिविल सर्जन डा. जुझार माझी ने बताया कि सरकार की ओर से तमाम योजनाएं संचालित की जा रही है लेकिन उसका लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। इसका मुख्य कारण कर्मचारियों की मनमानी रवैया है। इसकी जांच नियमित रूप से की जा रही है। इस दौरान जो भी कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। सिविल सर्जन ने कहा कि ड्यूटी को लेकर कर्मचारियों को कई बार चेतावनी दी जा चुकी है। अब कार्रवाई का समय आ गया है। विभाग ने जिला प्रोग्राम मैनेजर (डीपीएम) को भी हर माह कम से कम चार बार विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण करने का निर्देश दिया है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डीडीसी ने की जल शक्ति अभियान व जलछाजन योजनाओं की समीक्षा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिले में जल शक्ति अभियान की प्रगति एवं जलछाजन की योजनाओं की समीक्षा उप विकास आयुक्त (डीडीसी) मनीष कुमार ने शनिवार को किया। इस दौरान डीडीसी ने सोशल फॉरेस्ट्री डीएफओ को पर्यावरणीय तथा सामाजिक व ग्रामीण विकास के उद्देश्य से वनों के रोपण, संरक्षण, प्रबंधन तथा ऊसर भूमि पर ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने के निर्देश दिए। वहीं पिछले दो वर्षों में जलछाजन से जुड़ी योजनाओं जैसे तालाब, डोभा, चेकडैम, मेढ़बंदी, सोक पिट, रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के लिए पदाधिकारी को कहा।



योजनाओं की समीक्षा के करते डीडीसी व अन्य। • फोटोन न्यूज

### ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण किया जाए : डीडीसी

इस अवसर पर डीडीसी मनीष कुमार ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काफी संवेदनशील प्रयास किए जा रहे हैं, जरूरत है कि जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर इस दिशा में कार्य योजना बनाकर बेहतर तरीके से कार्य किए जाएं। ग्राम पंचायत की सरकारी, सामान्य भूमि, बंजर भूमि और पंचायत भूमि पर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण किया जाए। वहीं ईंधन के लिए लकड़ी, चारा और घास का वृक्षारोपण विकसित करके पारंपरिक वन क्षेत्रों पर दबाव कम किया जा सकेगा। डीडीसी ने कहा कि जल शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्षा के जल का प्रबंधन और संरक्षण तथा प्राकृतिक स्रोतों को रिचार्ज करना है। इन योजनाओं का बहुपयोगी उद्देश्य रहा है, गिरते भू-गर्भ जलस्तर को बचाने तथा जल को लेकर सभी ग्राम पंचायत आत्मनिर्भर बनें, वर्षा के जल पर आश्रित नहीं रहें इसलिए जरूरी है कि हम प्राकृतिक रूप से मिल रहे जल को संग्रहित एवं उनके स्रोतों को संरक्षित करें।

# नाम्या स्माइल फाउंडेशन कारगिल विजय दिवस पर निकालेगा सैनिक सम्मान यात्रा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** शहर की सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन की ओर से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बुधवार को सैनिक सम्मान यात्रा निकाली जाएगी। शनिवार को साकची के स्थित कालीमाटी बैंक्वेट हॉल में आयोजित प्रेस-वार्ता में संस्था के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने सैनिक सम्मान यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि आगामी 26 जुलाई बुधवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सैनिक सम्मान यात्रा मानगो गांधी मैदान से सुबह 9 बजे प्रारंभ होगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी और गोलमुरी स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर सम्पन्न होगी।




सम्मान यात्रा की जानकारी देते फाउंडेशन के संस्थापक व अन्य। • फोटोन न्यूज

शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को पुष्प अर्पित कर एवं नमन कर यात्रा का विधिवत समापन होगा। उन्होंने बताया कि यात्रा में देशभक्ति गीत और देशभक्ति झांकी भी रहेग। वहीं, यात्रा में शामिल सभी लोग हाथों में तिरंगा लेकर और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए यात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि सैनिक सम्मान यात्रा के मार्ग में आने वाले सभी शहीद के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सैनिक सम्मान यात्रा में शामिल होने के लिये शहर के विभिन्न सामाजिक संस्था, पूर्व सैनिकगण समेत शहर के गणमान्य लोगों को आमंत्रण पत्र के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने लौहनगरी वासियों से सैनिक सम्मान यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और युवा वर्ग को देशप्रेम के प्रति प्रेरित करने की अपील की है।

### इन मार्गों से होकर गुजरेगी सैनिक सम्मान यात्रा

संस्था द्वारा सैनिक सम्मान यात्रा के मार्ग का विवरण जारी किया गया है। जिनमें यात्रा मानगो गांधी मैदान से प्रारंभ होकर खुदीराम बोस चौक, मानगो पुल, साकची गोलचक्कर, जुस्को गोलचक्कर, बिस्टुपुर, जुगसलाई, स्टेशन, बमामाईंस, लालबाबा फाउंड्री, टिनप्लेट चौक के रास्ते गोलमुरी गोलचक्कर होकर गोलमुरी स्थित शहीद स्मारक में सम्पन्न होगी।

इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से नामया स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़गी, विमल बैठा, निधि केडिया, इंदरजीत सिंह, धवल सेठ, पूर्णेन्दु आचार्य, सतप्रीत सिंह, निर्मल कुमार व अन्य मौजूद रहे।

### भागवत कथा का पांचवा दिन : छप्पन भोग दर्शन एवं श्री गिरिराज धरण लीला रहा मुख्य प्रसंग

# प्रतिकूलताओं में भी धैर्य बना रहे, यही भक्ति का प्रतिफल : DR. SANJIV KRISHN THAKUR

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मंदिर में चल रहे भागवत कथा के पांचवें दिन शनिवार को पूतना उद्धार, माखन चोरी लीला, भगवान की अनेकों बाल लीलाएं, गिरिराज धरण लीला सहित छप्पन भोग दर्शन के प्रसंग का व्यास पीठ से सुंदर व्याख्यान करते हुए भागवताचार्य डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर ने कहा कि भक्ति और भक्त की परीक्षा प्रतिकूलताओं में ही होती है। अनुकूलता में तो सभी मुस्कुराते हैं मगर प्रतिकूलता में भी हमारा आत्मबल बना रहना चाहिए। हमारे चेहरे की मुस्कुराहट बनी रहे, यही हमें ब्रजवासियों से सीख लेनी चाहिए। कथाव्यास की वाणी से बाल कृष्ण की अनेकों बाल लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने गोवर्धन पूजा एवं इन्द्र के मान मर्दन की दिव्य कथा विस्तार से सुनाई। इस अवसर पर भगवान गिरिराज महाराज के समक्ष सुंदर छप्पन भोग के दर्शन कराए।



भागवताचार्य डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर तथा कथा सुनती महिलाएं । • फोटोन न्यूज

आज की कथा क्रम में महाराजश्री ने आगे बताया कि सुख और दुख जीवन के अनिवार्य अंग ही हैं। मगर प्रत्येक स्थिति में प्रभु की स्मृति बनी रहे यही जीवन की सहजता एवं श्रेष्ठता है। दुखों में घबराना नहीं प्रभु शरणागत हो जाना है फिर प्रभु के लिए हमारी पर्वत जैसी समस्या भी राई के दाने के बराबर ही है।

उन्होंने कहा कि जहां सत्य एवं भक्ति का समन्वय होता है, वहां भगवान का आगमन अवश्य होता है। गाय की सेवा एवं महत्व को समझाते हुए गाय के दूध को अमृत के समान बताया। साथ ही कहा कि प्रत्येक हिन्दू परिवार में गाय की सेवा अवश्य होनी चाहिए। क्योंकि गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है।

महाराजश्री के सान्निध्य में पावन पुरूषोत्तम मास के सुअवसर पर मालीराम घनश्याम दास गढ़वाल परिवार (थोई निवासी राजस्थान) द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन भारी संख्या में प्रभु कथा प्रेमियों द्वारा पहुँचकर कथा रस का आनंद लिया जा रहा है। पंचम दिवस आनंद एवं उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। आरती के पश्चात सभी को छप्पन भोग का दिव्य प्रसाद वितरित कराया गया। छठवें दिन रविवार 23 जुलाई को कथावाचक श्री कृष्ण रूकमणि विवाह महोत्सव का प्रसंग सुनायेंगें।

## रोड पर भरा बारिश का पानी, धान रोपनी कर लोगों ने जताया विरोध



सड़क पर धान की रोपनी करते लोग। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सरजामदा परसुडीह मुख्य मार्ग में जोगता मैदान के समीप मुख्य सड़क पर बारिश का पानी भर गया है। लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को स्थानीय जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति के नेतृत्व में इसके विरोध में एक अनोखा आंदोलन किया गया। इस दौरान सड़क पर धान रोपनी एवं मछली पालन किया गया। इसके माध्यम से सरकार और जिला प्रशासन को बताया गया कि अगर सड़क का जल्द निर्माण नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा, जिसकी जवाबदेही प्रशासन की होगी। इस दौरान कार्यक्रम में युवा क्रांति मंच के अध्यक्ष सौरभ राहुल सिंह, पंचायत समिती सदस्य शिवम बोइपाई, उप मुखिया ननिका हांसदा, अजय सिंह, सुमित यादव, दीपक करुआ, सुधीर कुमार, सुभाष पाणिग्रही, अवनीश सिंह, रौशन कुमार, संदीप कुमार, राजा चौरसिया आदि उपस्थित थे।

# त्वरित न्याय के लिए


भारतीय अदालतों में लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ से ऊपर जाने लगी है, तो यह चिंताजनक है। राज्यसभा में एक लिखित जवाब में केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया है कि भारतीय अदालतों में लंबित मुकदमों की संख्या 5.02 करोड़ से ज्यादा हो गई है। लंबित मामले हमारे लिए निरंतर चिंता का विषय बने हुए हैं। अकेले सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या 69,766 हो गई है। एक अनुमान के अनुसार, भारत में दस में से नौ मामले अदालतों में लंबित रहते हैं। केवल दस प्रतिशत मामलों में ही त्वरित कार्यवाही चल पाती है। आखिर इतने मामले क्यों लंबित हैं? इसका एक पहलू यह भी है कि लोग पहले की तुलना में अपने अधिकारों को लेकर ज्यादा सजग हुए हैं, इसलिए अदालत पहुंचकर अपना अधिकार लेने की चेष्टा कर रहे हैं। वैसे बढ़ती जागरूकता जहां अच्छी बात है, वहीं मामलों का लंबित रहना बड़ी चिंता की बात है। ध्यान रहे, लोग न्याय की प्रत्याशा में ही अदालत का रुख करते हैं। ऐसे में, अगर उन्हें जल्दी न्याय नहीं मिलेगा, तो वे दूसरे रास्ते अपनाएंगे, जो देश में कानून-व्यवस्था की सेहत के लिए ठीक बात नहीं होगी। लंबित मामलों पर चिंता पहले भी कई बार उठी है। पिछले वर्ष जुलाई में भारत के प्रधान न्यायाधीश एन वी रमन्ना ने देश में ज्यादा लंबित मामलों पर तत्कालीन कानून एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं का जवाब देते हुए कहा था कि न्यायिक रिक्तियों को न भरना इसका प्रमुख कारण है। तब भी यह चिंता जताई गई थी कि लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ को पार करने वाली है, पर अब जब वाकई पार कर गई है, तो सभी संबंधित पक्षों को सजग हो जाना चाहिए। लंबित मामलों को जल्द से जल्द न्याय तक पहुंचाने के लिए सरकार और न्यायपालिका के बीच अच्छा समन्वय होना चाहिए। पिछले साल ही देश के प्रधान न्यायाधीश ने केंद्रीय मंत्री को कह दिया था कि न्यायिक रिक्तियों को भरना और न्यायिक बुनियादी ढांचे में सुधार करना जरूरी है। क्या विगत एक वर्ष में इस दिशा में गंभीरता से काम हुआ है? दिसंबर 2022 तक देश के 25 उच्च न्यायालयों में जजों की संख्या होनी चाहिए थी 1,108, पर जज थे 778 कुल। निचली अदालतों की बात करें, तो जजों के पद थे 24,631 और जज थे 19,288 मात्र। इतने पद खाली कैसे हैं? आज जरूरत समग्रता में सोचने की है। मुकदमों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जैसे, बताया जा रहा है, मणिपुर में ही 3 मई के बाद हुए दंगों के चलते 6,000 से अधिक एफआईआर दर्ज हुए हैं, इनमें से ज्यादातर मामले अदालतों में जाएंगे और दोषियों को सजा मिलने में न जाने कितना समय लगेगा? यदि मणिपुर में तत्काल प्रभाव से कानून का राज कायम करना है, तो अदालतों को भी त्वरित न्याय करना होगा। अपराधी लंबित मामलों में अपने बचाव की गुंजाइश देखते हैं, जबकि पीड़ित को सालों बाद जब न्याय मिलता है, तो न्याय अपना महत्व लगभग खोकर समाज में अन्याय को बढ़ावा देता है। त्वरित न्याय पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी है।

# चर्चा के बजाय हंगामा

इससे दुर्भाग्यपूर्ण एवं निराशाजनक और कुछ नहीं हो सकता कि मणिपुर की जिस शर्मनाक घटना पर सारा देश उद्वेलित है, उस पर संसद में चर्चा होने के बजाय केवल हंगामा हो रहा है। यह हंगामा लगातार दूसरे दिन दोनों सदनों में हुआ। आखिर इस हंगामे से देश को इसके अतिरिक्त और क्या संदेश जा रहा होगा कि हमारे राजनीतिक दल एक संगीन मामले पर न तो गंभीर हैं और न ही उस पर कोई सार्थक चर्चा करने को तैयार हैं? संसद में राजनीतिक दलों का व्यवहार निराश करने वाला है। मणिपुर को लेकर संसद में बीते दो दिनों से कोई चर्चा इसलिए नहीं हो पाई, क्योंकि सत्तापक्ष और विपक्ष इस पर सहमत नहीं हो पा रहे कि चर्चा किस नियम के तहत हो? आखिर बहस आवश्यक है या फिर यह कि वह किस नियम के तहत हो? यह पहली बार नहीं, जब किसी आवश्यक मामले पर संसद में इसलिए चर्चा न हो पाई हो कि वह किस नियम के तहत हो। ऐसा अक्सर होता है और कई बार तो कई-कई दिन तक हंगामा होता रहता है। इस बार भी ऐसी ही स्थिति बनती दिख रही है। हमेशा की तरह सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर यह आरोप लगा रहे हैं कि वह चर्चा से बच रहा है। ऐसे आरोपों का कोई मूल्य-महत्व नहीं, क्योंकि चर्चा न हो पाने के लिए कहीं न कहीं दोनों पक्ष उत्तरदायी होते हैं। समझना कठिन है कि दोनों पक्ष इस पर एकमत क्यों नहीं हो सकते कि किस नियम के तहत चर्चा होनी चाहिए? क्या चर्चा के लिए कोई बीच का रास्ता नहीं निकाला जा सकता? निःसंदेह निकाला जा सकता है, यदि उद्देश्य यह हो कि विषय विशेष पर गंभीर चर्चा करके देश को दिशा देनी है। यह विडंबना ही है कि जब संसद में पक्ष-विपक्ष को मिलकर देश और विशेष रूप से मणिपुर की जनता को आश्वस्त करना चाहिए, तब वे चर्चा के नियम पर उलझे हुए हैं। सत्तापक्ष कह रहा है कि वह चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष आरोप लगा रहा कि वह चर्चा से भाग रहा है। आम जनता के लिए समझना कठिन है कि किसका पक्ष कितना सही है। वह तो यही देख रही है कि चर्चा नहीं हो पा रही है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि एक-दूसरे को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति ने पक्ष-विपक्ष के बीच सामंजस्य को पूरी तौर पर खत्म कर दिया है। यह शुभ संकेत नहीं, क्योंकि संसद तभी चल सकती है, जब दोनों पक्ष मिलकर सदन चलाने के तौर-तरीकों पर सहमत हों।

# सावन में वायु भी गुनगुनाती है शिव संकल्प

ANALYSIS



✍ हृदयनारायण दीक्षित

भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। सोमवार को शिव आराधन की मुहूर्त जाना गया है। ठीक भी है। हमारे समाज में भी प्रतिष्ठित लोग सप्ताह में एक दिन खुलकर मिलते हैं। बाकी दिन व्यस्त रहते हैं। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। नहीं जानता सच। एक बार सावन का अंतिम सोमवार था। मैंने समूची वाराणसी को सोम शिव पाया। बम भोले और हर-हर महादेव की गूंज। लोक आह्लाद का आनंद। पौराणिक शिव बड़े आकर्षक हैं। बैल की सवारी और पार्वती मां से बतरस। 'विज्ञान भैरवतंत्र' में शिव और पार्वती के मध्य गहन दार्शनिक संवाद का उल्लेख है। हमारी अपनी प्रिय बचपने से ही हमारे मन को वात्सल्य रस देने वाली सई नदी हमारे गांव के पास ही शिव सीढ़ी का जलाभिषेक करती है। जलराशि निरंतर घटी है पर भाव राशि का क्या कहना? यहां भवरेश्वर शिव मंदिर में सावन के सोमवार लाखों श्रद्धालु जुटते हैं।

सावन शिवार्चन और नीराजन आराधन का मास है। तब मेघ भी उतर आते हैं -शिव आराधक होकर। सुनता आया हूं कि शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। शिव के माथे पर सोम चन्द्र हैं। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सावन वनस्पतियों के युवा हो जाने का काल है। झमाझम वर्षा का महीना। वायु भी शिव संकल्प सूक्त गुनगुनाते हुए बहती है और रुकती है उमस सहित तो शिव का रूद्राभिषेक करने के लिए। सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं। वनस्पतियां और औषधियां उगती हैं। खिलती हैं। खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में एक दिन सोम का। पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। सोमवार को शिव आराधन की मुहूर्त जाना गया है। ठीक भी है। हमारे समाज में भी प्रतिष्ठित लोग सप्ताह में एक दिन खुलकर मिलते हैं। बाकी दिन व्यस्त रहते हैं। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। शिव भी सोमवार का दिन भक्तों के लिए ही खाली रखते होंगे। नहीं जानता सच। एक बार सावन का अंतिम सोमवार था। मैंने समूची वाराणसी को सोम शिव पाया। बम भोले और हर-हर महादेव की गूंज। लोक आह्लाद का आनंद। पौराणिक शिव बड़े आकर्षक हैं। बैल की सवारी और पार्वती मां से बतरस। 'विज्ञान भैरवतंत्र' में शिव और पार्वती के मध्य गहन दार्शनिक संवाद का उल्लेख है। हमारी अपनी प्रिय बचपने से ही हमारे मन को वात्सल्य रस देने वाली सई नदी हमारे गांव के पास ही शिव सीढ़ी का जलाभिषेक करती है। जलराशि निरंतर घटी है पर भाव राशि का क्या कहना?



यहां भवरेश्वर शिव मंदिर में सावन के सोमवार लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। लोकमन हर-हर महादेव हो जाता है। ऋग्वेद वाले रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त-मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। चरमोत्कर्ष वाले नृत्यकत्र्ता। श्रीकृष्ण के पास बांसुरी तो शिव के पास डमरू। बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकर हो जाते हैं लेकिन यही रूद्र शिव हैं। ऋग्वेद में 'जो रूद्र है, वही शिव भी है।' त्रिशूल उनका हथियार। सोचता हूं कि ये तीन शूल क्या हैं? ये दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट तो नहीं हैं? या भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुख हारी हैं - त्रिशूल धारक जो हैं। लेकिन सोचने से मन नहीं भरता। मन यहां, वहां, जहां, तहां भागता ही है। शिव संकल्प मंत्र दोहराता हूं- 'हमारा मन भागता है। यहां वहां। ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो- तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।' मैं राजनीति में हूं सो मंच, माला, माइक का त्रिशूल भीतर बहुत गहरे तक धंसा हुआ है। कह सकता हूं कि मैं भी त्रिशूलधारी हूं। सोम सामने है, भीतर ओम है। लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम् की अनुभूति नहीं। पढ़ा सुना काम आता नहीं। करूं तो क्या करूं? ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था त्र्यम्बक रूद्र को - हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो। मैं भी डंठल से चिपका हुआ पका फल हूं। शिव निर्णय लें कि 'उवरिक्मिव मृत्योरमोक्षीय' कब करना है? भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकत्र्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। लेकिन शिव सब जानते थे। वे प्रतिपल यत्र-तत्र सर्वत्र उपस्थित हैं। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप है। चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। शरद् चन्द्र की पूनो शिव रस सोम की ही वर्षा करती है। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि, 'उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दायां नेत्र है और बायां चन्द्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं। सूर्य की अपनी प्रिय राशि सिंह है। चन्द्र की कर्क है। सूर्य इस यात्रा में कर्क से सिंह क्षेत्र में पहुंचते हैं। तब बड़ा शुभ मुहूर्त बनता है। ऐसी संक्रांति सावन मास में पड़ती है। सो शिव को सावन प्रिय है। ' सावन है भी मनभावन। तब धरती और आकाश मधुरसा हो जाते हैं। शिव का सावन प्रेम तरल सरल ही तो है। श्रीकृष्ण को बसंत ऋतु प्रिय है और मार्गशीर्ष-अगहन का मास। लेकिन शिव की बात निराली है। ऋतुराज बसंत में पृथ्वी और वायु का चरम आनंद है। सावन में पांचों महाभूत - क्षिति, जल, पावक और गगन समीर भी मधुरसा हो जाते हैं। आकाश में मेघ गर्भ धारण करते हैं। धरती हरीतिमा के परिधान धारण करती है और प्रियतमा हो जाती है। धरती माता और आकाश पिता की प्रीति परवान चढ़ती है। आकाश मेघ भेजते हैं, धरती लहालोट होती है। वायु सोम तरंग लेकर बहती है। आकाश इन्द्रधनुष रचता है। लोक लहक उठता है। संसार क्षर से क्षर की यात्रा है। भौतिक से भौतिक की ओर लेकिन जीवन में भौतिक के साथ चेतन भी है। अन्तर्यात्रा भौतिक से चेतन की यात्रा है। स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा। पत्ती, पुष्प से पेड़ और पेड़ से जड़ की यात्रा सुगम है। जड़ें देखते ही बीज का ध्यान आता है। फूल का पकना ही बीज है। बीज के भीतर अनंत संभावनाएं हैं। फिर पेड़, शाखा, पत्तियां और फूल। फिर-फिर बीज। ओम् बीज के भीतर की प्राण शक्ति है और सोम इसी बीज का पल्लवन पुष्पन। ऋग्वेद में सोम पर पूरा एक मण्डल है। सोमवार हर सातवें दिन उन्हीं की स्मृति दिलाता है। सोम से ओम् की यात्रा शिव है। परम चरम आनंद है। यहां कोई भौगोलिक दूरी नहीं। सोम और ओम् साथ-साथ हैं। सोम शिव के ललाट पर हैं ही। शिव रूपक का सोम प्रतीक बड़ा प्यारा है। ऋग्वेद में सोम को पृथ्वी का निवासी बताया गया है। सोम असाधारण देवता हैं। वे जलों के पुत्र हैं और आनंददाता हैं। शिव भोले शंकर हैं। औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। गण देवता गणेश स्वाभाविक ही उनके पुत्र हैं। वे रूद्र शिव एशिया के बड़े भूभाग में प्राचीन काल से ही उपासित हैं। शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर के मन में शिव जिज्ञासा थी। शर शैय्या पर लेटे भीष्म से उन्होंने तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, 'शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं।

**लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

# बड़े खतरे से जूझता मणिपुर

मणिपुर में दो महिलाओं के साथ सार्वजनिक रूप से यौन हिंसा की अमानवीय घटना से पूरे देश में आक्रोश है। इस घटना के बाद राज्य में मैती एवं कुकी के बीच नए सिरे से तनाव भड़कने की आशंका है। मणिपुर में मैती और 34 जनजातियां सदियों से साथ रह रही हैं। मणिपुर मुख्य रूप से पर्वतीय राज्य है। मैदानी क्षेत्र के करीब 10 प्रतिशत में मैती और 90 प्रतिशत पहाड़ी क्षेत्र में जनजातियां रहती हैं। कई त्योहारों के संस्कार ऐसे हैं जो मैती और जनजातियों के प्रगाढ़ संबंधों को प्रमाणित करते हैं। मैती शासन में उस समय परिवर्तन आया, जब 18वीं शताब्दी में राजा पामहैबा वैष्णव बन गए। परिणामस्वरूप अधिकांश मैती वैष्णव मतावलंबी हो गए। 1891 में अंग्रेजों के हाथों मणिपुर की पराजय हुई और फिर 1945 में वह द्वितीय विश्व युद्ध का साक्षी बना। इस युद्ध के बाद लोकतांत्रिक तरीके से महाराजा बोधचंद्र के नेतृत्व में मणिपुर एक्ट, 1947 बना। जब भारत आजाद हुआ, तब मणिपुर एक स्वतंत्र क्षेत्र था और उसका अपना संविधान था। द्वितीय विश्वयुद्ध के प्रभाव से मणिपुर की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक परिस्थितियां बदलीं। 1949 में मणिपुर के महाराजा बोधचंद्र और भारत सरकार के बीच एक संधि के तहत मणिपुर स्टेट का भारत में विलय हुआ। 1956 में मणिपुर केंद्रशासित प्रदेश बना। 1972 में उसे पूर्ण राज्य का दर्जा मिला और 34 जनजातियों को अनुसूचित जनजाति की मान्यता मिली। मणिपुर में कुछ ऐसी जनजातियां भी हैं, जो अपने को न कुकी मानती हैं और न ही नगा। मणिपुर में इस्लाम मानने वाले भी हैं, जिन्हें मैती पांगल कहते हैं। नेपाल, बिहार के अलावा जैन समुदाय के लोग भी यहां हैं। नगा और मैती लोगों को ही मणिपुर का मूल निवासी माना जाता है। बाकी समुदाय यहां बाद में आए। कुकी लोगों का मणिपुर में आगमन 1844 से शुरू हुआ। कुकी बर्मा यानी म्यांमार से आकर यहां की पहाड़ियों में बसते रहे। उनका आगमन जारी है। जो कुकी मणिपुर आ चुके हैं, वे अपने लिए अलग स्थान और प्रशासन चाहते हैं। चूड़चंदपुर पर कुकी अपना दावा करते हैं, जबकि इसे मैती महाराजा चुड़ाचांद के नाम पर बसाया गया था। बाद में इस क्षेत्र से ही मैती लोगों को भागना पड़ा। मणिपुर में एक संप्रदाय का दूसरे से संघर्ष और सहअस्तित्व भी रहा है। 20वीं सदी के अंतिम दशकों में नगा-कुकी, मैती-मैती पांगल और कुकी-पाइते के बीच दंगे हुए। 1993 में नगा-कुकी के बीच हुए दंगों के बाद दोनों में समझौता मैती समुदाय ने कराया। हाल में मणिपुर में मैती और कुकी के बीच सांप्रदायिक संघर्ष की शुरूआत 3 मई को तब हुई, जब आल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ने मैती लोगों को जनजाति का दर्जा देने की पहल के खिलाफ रैली निकाली। चूड़चंदपुर की रैली में जब कुछ बंदूकधारी शामिल हो गए तब हिंसा भड़क उठी। इस हिंसा की एक वजह राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण और वन रक्षा के लिए उठाए गए कदमों के साथ अफीम की खेती के विरुद्ध चलाया गया अभियान भी माना जा रहा है। इस अभियान से चूड़चंदपुर और काड़पोक्पी जिले में असंतोष उपजा। 28 अप्रैल को चूड़चंदपुर में मुख्यमंत्री को एक जिम के उद्घाटन के लिए आना था। इसके एक दिन पहले कुकी समुदाय के एक संगठन ने बंद की घोषणा कर दी और जिम को नष्ट कर दिया। इससे तनाव फैला। इसी तनाव के बीच हाई कोर्ट का यह आदेश आया कि सरकार मैती को जनजाति का दर्जा देने पर विचार करे। इससे माहौल और बिगड़ा। चूड़चंदपुर और मोरे में मैती लोगों पर हमले शुरू हो गए। उनके घर और मंदिर जलाए जाने लगे। हजारों मैती लोगों को भागना पड़ा। पुलिस हिंसक भीड़ को काबू नहीं कर पाई। मैती लोगों पर हमले की प्रतिक्रिया में इंफाल पूर्व-पश्चिम, विष्णुपुर, थौबाल आदि में चिन कुकी, मिजो, ह्मार लोगों के घर-दुकान लूटे-जलाए जाने लगे। बाद में मैती लोगों के गांवों पर पहाड़ों से गोलियां बरसाई जाने लगीं और पुलिस एवं सुरक्षा बलों पर भी हमले शुरू हो गए। सवाल उठ रहे हैं कि सेना की मौजूदगी में भी हिंसा क्यों हो रही है? पुलिस और सुरक्षा बलों पर भी पक्षपात के आरोप लग रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह की चार दिवसीय मणिपुर यात्रा के बाद लोगों में आशा जगी कि अब हिंसा थम जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हिंसा के 39वें दिन राज्यपाल अनुसुइया उइके की अध्यक्षता में 51 सदस्यों की एक शांति समिति बनी। इसके सदस्यों में मतभेद के चलते इस समिति की एक बैठक तक नहीं हो पाई। हिंसा को लेकर राजनीति भी हो रही है। मणिपुर सरकार के 10 कुकी विधायक अलग प्रशासनिक व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। कुकी लोगों का दावा है कि मैती संपन्न हैं और सरकारी नौकरियों में भी उनकी संख्या ज्यादा है, पर सच तो यह है कि कुकी लोगों की संख्या भी कम नहीं है। मणिपुर में ड्रग्स का कारोबार खूब फैला है। यहां अफीम की बढ़ती खेती को देखते हुए लोगों को डर है कि कहीं मणिपुर ड्रग्स का गढ़ न बन जाए। एक डर म्यांमार से बड़ी संख्या में आ रहे कुकी लोगों को लेकर भी है। वे अफीम की खेती करते हैं। कुकी उग्रवादी संगठन म्यांमार से हेरोइन का व्यापार करने के लिए सीमावर्ती शहर मोरे पर कब्जा करने का प्रयास कर चुके हैं। म्यांमार का चिन नेशनल आर्मी उग्रवादी समूह भी मणिपुर के पहाड़ी जिलों और सीमांत इलाकों में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती करता है। इंफाल के एक कुकी इलाके में ड्रग्स बनाने वाली एक मोबाइल लैब मिल चुकी है। ड्रग्स के कारोबार में राजनीतिक रूप से शक्तिशाली लोग भी संलिप्त हैं। इनमें से कुछ ऐसे हैं, जो बंदूकधारियों के सहारे चुनाव भी जीत जाते हैं। एक उग्रवादी समूह हथियारों के सहारे कुकी होमलैंड का सपना देख रहा है। मणिपुर में तमाम लोग कुछ समय पहले अच्छी जिंदगी जी रहे थे, हिंसा के बाद अचानक सड़क पर आ गए हैं। कितनों ने अपनों को खोया है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



यह पत्र एक लाचार पिता ने थाना प्रभारी बरहेट – साहिबगंज को लिखा है। पत्र पढ़कर दिल दहल जा रहा है। आरोप है कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पंचकठिया का प्रधानाध्यापक मो. शमशाद अली एक छात्रा के साथ यौन शोषण करने का बार बार प्रयास करता है। जब बेटी ने यह बात घरवालों को बताई और बात आगे बढ़ी तो अन्य छात्राओं ने भी आगे आकर अपनी आपबीती सुनाई। माननीय मुख्यमंत्री जी का यह निर्वाचन क्षेत्र है। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री जी इस मामले में स्वतः संज्ञान लेंगे और पुलिस को कार्रवाई के लिए कहेंगे। शिक्षक की जाति या धर्म देखकर कार्रवाई में कोताही नहीं होनी चाहिए।

**(सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**



मणिपुर की वीभत्स घटनाएं मानवता के प्रति अक्षम्य अपराध हैं। समाज को इस कदर बांटने–काटने वाली प्रवृतियों को भारत सरकार कड़ाई से कुचले। वहां हर हालत में शांति बहाल हो,भले ही राष्ट्रपति शासन क्यों न लगाना पड़े। यह राष्ट्रीय आपदा है, प्रशासनिक विफलता जनित समस्या है। सभी मिलकर इसे सुलझाए।

**(सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**

# भगवान शंकर बोले तो त्रिलोक कपूर

हिंदी फिल्मों में चालीस और पचास के दशक को पौराणिक और धार्मिक फिल्मों की अनेक यादगार फिल्मों के लिए जाना जाता है। उस समय के कई अभिनेता और अभिनेत्रियों को उनके धार्मिक किरदारों के रूप में ऐसी पहचान मिली की उनके कैलेंडर और पोस्टर घर-घर में लगे और उन्हें देवी- देवताओं के प्रतीक के रूप पूजा जाने लगा । शोभना समर्थ सीता के रूप में, कृष्ण के रूप में शाहू मोडक, राम के रूप में प्रेम अदीब, पार्वती के रूप में निरूपा राय, हनुमान जी के रूप में दारा सिंह आदि। इसी क्रम में एक महत्वपूर्ण नाम है भगवान शंकर के रूप में त्रिलोक कपूर का। त्रिलोक कपूर फिल्म इतिहास के पहला परिवार कहे जाने वाले कपूर परिवार से ही थे । वह पृथ्वीराज कपूर के छोटे भाई थे। तीन मार्च, 1912 को मुल्तान में जन्मे त्रिलोक जी की प्रारंभिक शिक्षा पेशावर में हुई। पृथ्वीराज फिल्मों में भाग्य आजमाने पहले ही कलकत्ता आ चुके थे। त्रिलोक जी भी उनके पद चिह्नों पर चलते हुए जनवरी, 1933 में कलकत्ता पहुंचे और इंडियन नेशनल थियेटर और द ग्रेट एंडरसन कम्पनी ज्वाइन कर ली। उस दौरान त्रिलोक कपूर ने अपने बड़े भाई के साथ 'सीता' फिल्म में छोटी सी भूमिका भी निभाई। उन्हीं दिनों पृथ्वीराज कपूर कलकत्ता की न्यू थियेटर्स कम्पनी छोड़कर बंबई आ गए। फिर तो त्रिलोक भी बंबई आ गए। यहां उन्हें पहली फिल्म मिली 'चार दरवेश'। इस फिल्म के बाद त्रिलोक ने फिल्मकार हेमचंद्र के सहायक के रूप में कुछ समय तक काम सीखा। उस समय धार्मिक फिल्मों के सबसे बड़े निमार्ता प्रकाश-पिक्चर्स के विजय भट्ट अभी तक रामायण को अपने बैनर के ब्रॉण्ड की तरह इस्तेमाल कर रहे थे। भट्ट को त्रिलोक कपूर में भगवान शंकर के रूप में नजर आए । उस समय प्रेम अदीब राम के रूप में अपनी सीता शोभना समर्थ के साथ लोकप्रियता के चरम पर थे। त्रिलोक कपूर की जोड़ी पार्वती बनने वाली अभिनेत्री निरूपा राय के साथ जम गई। फिर तो क्या था फिल्म निमार्ताओं ने शंकर-पार्वती से संबंधित आख्यान पर फिल्मों की लाइन ही लगा दी। वैसे भी उन दिनों ग्रामीण और कस्बाई भारत में इन फिल्मों की सफलता की गारंटी रहती थी। इन फिल्मों के नाम थे, 'हर हर महादेव', 'शिव- कन्या', 'शिव-शक्ति', 'जय महादेव', 'गणेश जन्म', 'गणेश-महिमा' आदि। इनमें से 'हर-हर महादेव' फिल्म ने देश के अनेक शहरों में स्वर्ण जयंती मनाई। बंबई के सेन्ट्रल सिनेमा में तो यह फिल्म हीरक जयंती (डायमंड जुबली) तक बनी रही। शिव-पार्वती यानी त्रिलोक कपूर और निरूपा राय के चित्रों से सारे बाजार धर्ममय हो गए। कैलेण्डर्स की बाढ़ आ गई। जिधर देखो त्रिलोक-निरूपा । लोग उनकी आरती पूजा करने लगे थे। भगवान शंकर का ठप्पा लगने से त्रिलोक कपूर को तो बहुत मुश्किल हो गई। उन्हें अन्य रोल मिलने बंद हो गए। बीच में उन्होंने अन्य भूमिकाएं प्राप्त कर इस छवि को तोड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह सामाजिक फिल्मों में अपने अग्रज पृथ्वीराज के समान स्थान नहीं बना सके। अपने फिल्मी करियर में त्रिलोक कपूर ने करीब 250 फिल्मों में काम किया, लेकिन अधिकांश फिल्मों की भूमिकाएं छोटी-छोटी सी रही। लेकिन कुछ उल्लेखनीय उपलब्धियां भी है। 'मिर्जा साहिबा' (1947) में वह मशहूर गायिका अभिनेत्री नूरजहां के हीरो बने थे, जो विभाजन के बाद पाकिस्तान चली गई। उन्होंने 'उम्मीद पे दुनिया जीती है' नामक फिल्म का निर्माण करना चाहा था, जिसके लिए जयश्री-शांताराम की बेटी राजश्री को अनुबंधित किया था, लेकिन उसके अमेरिका चले जाने से फिल्म डिब्बे में बंद हो गई। उन्होंने 'कच्चे धागे', 'नहले पे दहला' और राजकपूर की 'राम तेरी गंगा मैली' फिल्मों में भी काम किया। उनकी आरंभिक फिल्मों में 'धूपछांव' (1935), 'अछूत' (1940), 'आंख की शर्म' (1943), 'आईना' (1944), 'नल- दमयंती' और 'कृष्णार्जुन-युद्ध (1945), 'आनंद-भवन' और 'राजरतन' (1953) भी कुछ अलग थीं।

# घिनौनी घटना

आपसी वैमनस्य और जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उन्हें सार्वजनिक रूप से घुमाने, उनके साथ वहशी व्यवहार करने और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सभ्य समाज को क्षुब्ध और लज्जित करने वाली है। इस घिनौनी घटना ने मणिपुर के साथ देश को भी शर्मिंदा करने का काम किया है। इस घटना की समवेत स्वर में भर्त्सना ही नहीं होनी चाहिए, बल्कि सभी सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कहीं पर भी मानवता को शर्मसार करने वाली ऐसी घटना न घटे। ऐसा तभी हो सकता है, जब ऐसी किसी भी वीभत्स घटना के लिए जिम्मेदार तत्वों को जितनी जल्दी संभव हो सके, कठोरतम सजा का भागीदार बनाया जाए। यह उचित और अपेक्षित ही है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय गृहमंत्री और प्रधानमंत्री ने अपना क्षोभ व्यक्त करने के साथ यह संकल्प व्यक्त किया कि राष्ट्र को नीचा दिखाने वाली इस घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, लेकिन यह हैरानी की बात है कि मई के पहले सप्ताह में घटी इस खौफनाक घटना से राज्य सरकार तत्काल अवगत नहीं हो सकी। इससे मणिपुर में कानून एवं व्यवस्था की नाकाम और दयनीय दशा का ही पता चलता है। आखिर किसी राज्य का शासन इतना अक्षम कैसे हो सकता है कि सार्वजनिक स्थल पर इतनी घृणित घटना घट जाए और उसे कुछ पता न चले? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि मणिपुर सरकार अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरह नहीं कर पा रही है। शायद यही कारण है कि वहां लंबे समय तक बड़े पैमाने पर हिंसा के साथ आगजनी होती रही। इस हिंसा में अनेक लोग मारे गए और हजारों लोगों को अपना घर-बार छोड़कर भागना पड़ा। इस दौरान भी कई महिलाओं के साथ यौन हिंसा हुई। यह ठीक है कि पिछले कुछ समय से स्थितियां नियंत्रण में आती दिख रही हैं, लेकिन उन कारणों की तह तक जाने और उनका निवारण करने की आवश्यकता है, जिनके चलते उपद्रवियों ने पुलिस एवं सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के साथ उनके हथियार भी लूटे।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

### आरपीएफ ने किया दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार



**ROURKELA :** आरपीएफ के मोबाइल यूनिट और आरपीएफ जवानों ने शनिवार को पेट्रोलिंग के वक्त रेलवे स्टेशन पर चेकिंग ड्यूटी के दौरान दो गांजा तस्करों को पकड़ा। इनके पास से 12.15 किलोग्राम गांजा जब्त किया। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में एक का नाम मनीष कुमार उम्र-24 साल है। वहीं दूसरा आरोपी अनिल कुमार पटना, बिहार का रहने वाला है। आरपीएफ ने दोनो गिरफ्तार आरोपियों को राउरकेला कोर्ट में पेश किया।

### बहुभाषी शब्दावली पुस्तक 'आसो पड़ीबा आमो भाषा' की हुई लांचिंग

**ROURKELA :** बहुभाषी शब्दावली 'आसो पड़ीबा आमो भाषा' की लांचिंग शनिवार को हुई। राउलकेला स्टील प्लांट ने सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग ने इस पुस्तक की रचना के लिए सहायता प्रदान की है। यह पुस्तक एनआईटी के मानवजाति और सामाजिक विज्ञान विभाग की प्रोफेसर समिता मोहंती का शोध संकलन है। यह सामान्य रूप से स्कूल कॉलेज के छात्रों सहित सभी के लिए बहुत उपयोगी हो सकता है।

### राउरकेला के जनरल हॉस्पिटल में हुआ हड्डी से जुड़ा जटिल ऑपरेशन



**ROURKELA :** राउरकेला इस्पात संयंत्र के इस्पात जनरल अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा हड्डी शल्यचिकित्सा झारसुगड़ा निवासी के लिए जीवन-दान देने वाला साबित हुआ। एक गंभीर दुर्घटनाग्रस्त मरीज को बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था, जिसके दाहिने पैर के टिबिया, फीमर और इंटरट्रोकैनेटरिक क्षेत्र में कई फ्रैक्चर हुए थे। आगमन पर, मरीज को तुरंत आईसीयू में भर्ती कराया गया और तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। विशेषज्ञ मेडिकल टीम में शामिल डॉ. एल के बिस्वाल और अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस के तिवारी के मार्गदर्शन में अथक प्रयास किया। अगले दस दिनों के दौरान, रोगी की चार प्रमुख शैल्यचिकित्सा हुई और छह यूनिट रक्त चढ़ाया गया। मेडिकल टीम के सामूहिक प्रयासों और विशेषज्ञता ने कुशलतापूर्वक उनकी टूटी हड्डियों को पुनः जोड़ने और ठीक करने में कामयाब रहे। सफल महत्वपूर्ण शल्यचिकित्सा के पश्चात प्रभावी देखभाल और सेवा से मरीज स्वस्थ हो गया है। 1959 में अपनी स्थापना के बाद से, इस्पात जनरल हस्पताल ने न केवल कर्मचारियों और उनके आश्रितों की सेवा की है, बल्कि आसपास के पड़ोसी जिलों और राज्यों के समुदायों को भी अपनी सहायता और चिकित्सा विशेषज्ञता प्रदान की है।

### मेला प्रदर्शनी लगाकर सरकारी योजनाओं का किया गया प्रचार-प्रसार

**CHAIBASA :** प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय द्वारा शनिवार को सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी सदर शशीन्द्र कुमार बड़ाईक ने फीता काटकर किया। उन्होंने विभाग द्वारा इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस मेला के जरिए आम नागरिकों को सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त होगी। इसक साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त करना है, इस संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से अनुरोध किया कि अपनी अहर्ता के हिसाब से योजनाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर (चाईबासा), खूंटपानी, तांतनगर, मंझारी, टोंटो सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## KOLHAN वन प्रमंडल की ओर से खूंटपानी के बासाकुटी में मना 74वां वन महोत्सव

# जब भी मौका मिले पेड़ अवश्य लगाएं व पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं : दशरथ गागराई

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कोल्हान वन प्रमंडल की ओर से शनिवार को खूंटपानी प्रखंड के बासाकुटी गांव में 74वां वन महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खरसावां विधानसभा के विधायक दशरथ गागराई एवं विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा शामिल थे।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के हाथों पौधारोपण व दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि आज विकास के दौर में पर्यावरण के संरक्षण के लिए सभी लोगों को आगे आना चाहिए। हमारी थोड़ी सी प्रयास है हमारा पर्यावरण फिर से स्वच्छ हो सकता है। इसलिए जब भी मौका मिले पेड़ अवश्य लगाएं एवं पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।कोल्हान वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि 1950 में केएम मुंशी के द्वारा वन महोत्सव की शुरूआत की गई और वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य यह है कि हम लोग विकासशील देश में निवास करते हैं यहां इकोनामी और इक्विटी के साथ इकोलॉजी को जोड़ने से ही देश का विकास हो सकता है। आने वाली पीढ़ी के लिए प्राकृतिक संपदा का पारंपरिक तरीके से



पौधा रोपण करते अतिथि। ● फोटोन न्यूज

उपयोग किया जाना चाहिए। ताकि भविष्य में भी आने वाली पीढ़ियां इसका उपयोग कर सके।

वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को वनों के प्रति जागरूक करना है। वनों से होने वाले फायदे एवं वनों की संरक्षण के लिए बच्चों को जागरूक करना अत्यावश्यक है क्योंकि बच्चे ही कल का भविष्य है।

कृषि सलाहकार बिरसा तियु ने अपने संबोधन में कहा कि विकास के साथ पर्यावरण का संरक्षण करना अति आवश्यक है। विकास एवं पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं हमें दोनों को एक साथ लेकर चलना है। दोपई मुखिया धर्मेंद्र बोदरा ने कहा कि वनों के होने से धरती पर संतुलन बना रहता है। लेकिन आज के दौर में बढ़ती हुई आबादी की वजह से वनों का क्षेत्र काफी कम होता जा रहा है जो एक चिंता का विषय है। हर किसी को वृक्षारोपण करना चाहिए और वन को बचाना होगा। उन्होंने लोगों से गर्मी के दिनों में जंगल में आग नहीं लगाने की अपील की।

वन क्षेत्र पदाधिकारी शंकर भगत ने अपने संबोधन में कहा कि विगत वर्षों हम लोग कोविड से हाहाकार में थे और यह ऑक्सीजन की कमी जलवायु परिवर्तन की वजह से हमारे जीवन पर काफी नकारात्मक असर डाल रही है। इस पृथ्वी के संतुलन में छेड़छाड़ के कारण हमें काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हमारे आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करने के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है। इससे पर्यावरण के संतुलन के साथ ही हमलोग भी प्रगतिशील बनेंगे। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि पर्यावरण के संतुलन के लिए पेड़ अवश्य लगाएं। अंत में उन्होंने सभी को कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर दोपई मुखिया धर्मेंद्र बोदरा, वन क्षेत्र पदाधिकारी अखिलेश त्रिपाठी, कोल्हान वन प्रमंडल के सभी वनरक्षी एवं वनकर्मी, स्कूली बच्चे, ग्राम समितियों के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## पटनायक बने देश में दूसरे सबसे लंबे समय तक रहने वाले सीएम

**PHOTON NEWS BHUBANESHWAR :** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री का दर्जा हासिल करने जा रहे हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु का रिकॉर्ड तोड़कर देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री के तौर पर सेवा करने वाले राजनेता बन गए हैं। 5 मार्च 2000 को नवीन पटनायक ने पहली बार ओडिशा के मुख्यमंत्री का पद संभाला। लगातार 5 बार मुख्यमंत्री रह चुके नवीन 23 साल 138 दिन से मुख्यमंत्री पद पर कार्यरत हैं। वहीं पश्चिम बंगाल में सीपीएम की 34 साल की सरकार में ज्योति बसु 23 साल और 138 दिनों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। 22 जुलाई को नवीन



नवीन पटनायक की फाईल फोटो।

पटनायक इस रिकॉर्ड की बराबरी कर रहे है। सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग देश में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले मुख्यमंत्री है वे 12 दिसंबर 1994 से 27 मई 2019 तक मुख्यमंत्री रहे।

## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट मैनेजमेंट पर कार्यशाला का आयोजन

# नगरपालिका और सीवेज उपचार केंद्र के बीच समन्वय स्थापित करने व केंद्र प्रबंधन पर चर्चा

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर के स्थानीय होटल में शनिवार को क्लस्टर स्तरीय टीम निर्माण कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में नगर पालिका और सीवेज उपचार केंद्र के बीच कैसे समन्वय स्थापित किया जाए और केंद्र का प्रबंधन कैसे किया जाए इस पर चर्चा हुई।

राउरकेला महानगर निगम, झारसुगुड़ा, बीरमित्रपुर, राजगांगपुर, सुंदरगढ़ नगर निकायों और राउरकेला महानगर निगम कर्मचारियों द्वारा आयोजित कार्यशाला में सीवेज उपचार केंद्रों के प्रबंधन के प्रभारी मिशन शक्ति



कार्यशाला में उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

सदस्यों ने भाग लिया।

इस कार्यशाला में डॉ. शुभाकर महापात्रा ने कहा कि कार्यशाला में मिली जानकारी से सीवरेज ट्रीटमेंट मैनेजमेंट में मदद मिलेगी। प्रशिक्षकों ने सीवेज ट्रीटमेंट सेंटर के प्रबंधन में आने वाली समस्याओं और उसके समाधान पर चर्चा की। सभी को एक टीम के रूप में मिलकर कैसे काम करना चाहिए। इसके अलावा माल उपचार केंद्र को लेकर एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. इसमें बीरमित्रपुर और सुंदरगढ़ नगर संगठन क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे।

कार्यशाला में सुदशांशु भोई, सीता देवी माझी, सुकांत कुमार बेउरा, रोनित कुमार, परियोजना निदेशक (जिला शहरी विकास एजेंसी), सामुदायिक आयोजक, स्वच्छता विशेषज्ञ, सिटी मैनेजर, जिला शहरी विकास एजेंसी विशेषज्ञ सहित सभी 5 नगर निगम के कार्यकारी अधिकारियों ने भाग लिया।

## 74वां वन महोत्सव सह वृक्षारोपण समारोह का आयोजन

# वन क्षेत्र का सिमटना चिंताजनक, जंगल बनाता धरती का संतुलन : दीपक बिरुवा

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से शनिवार को असुरा मध्य विद्यालय में 74वां वन महोत्सव सह वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक दीपक बिरुवा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विधायक ने पौधरोपण भी किया।

अपने संबोधन में विधायक दीपक बिरुवा ने कहा कि वनों के होने से धरती पर संतुलन बना रहता है। लेकिन आज के दौर में बढ़ती हुई आबादी की वजह से वनों का क्षेत्र काफी कम होता जा रहा है। जो एक चिंता का विषय है। हर किसी को वृक्षारोपण करना चाहिए और वन को बचाना होगा। उन्होंने लोगों से गर्मी के दिनों में जंगल में आग नहीं लगाने की अपील की। विधायक ने बच्चों को भी पौधरोपण करने व उसकी रक्षा करने की सलाह दी।



पौधा रोपण करते विधायक व अन्य। ● फोटोन न्यूज

डीएफओ आरपी सिंह और डीएफओ एसके अधिकारी ने कहा कि पेड़ कम होने से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है जो चिंताजनक है। इसे मिलकर रोकना होगा। इसलिए पेड़ लगाए और उसकी रक्षा भी करें। समारोह में आरएफओ बुधना राम, मुखिया माधुरी कुई, असुरा मध्य विद्यालय के प्राचार्य अभिजीत महतो ने भी विचार रखते हुए वृक्षारोपण और वन संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन वनरक्षी दुबराज मांझी ने किया।

## विश्वविद्यालय स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित

# एंजेल दादेल प्रथम, वंशिका द्वितीय व गुनगुन पंडा रही तृतीय स्थान पर

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कोल्हान विवि एवं महिला कॉलेज बीएएड यूनिट राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ दारा सिंह गुप्ता ने युवा संवाद के बारे विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान विद्यार्थियों ने देश को विकसित भारत के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प, गुलामी की मानसिकता को कम करना, भारत की विरासत और परंपरा पर गर्व करना, एकता और एकजुटता की ताकत, राष्ट्र के प्रति नागरिकों



संवाद कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी व शिक्षक-शिक्षिका। ● फोटोन न्यूज

के कर्तव्य आदि विषयों पर काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने वक्तव्य दिए। इसमें पहला स्थान एंजेल दादेल, दूसरा वंशिका कुमारी एवं तीसरा स्थान गुनगुन पंडा ने प्राप्त किया। सभी सफल प्रतिभागियों के बीच परितोषिक वितरण किया गया। मौके पर मोबारक करीम हाशमी, धनंजय कुमार, मदन मोहन मिश्रा और कॉलेज के अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे।

# मतदाता सूची तैयार करने को ITDA सम्मेलन कक्ष में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## पानपोस उप-जिले के बूथ स्तरीय 691 अधिकारियों व 65 पर्यवेक्षकों ने लिया भाग

**PHOTON NEWS ROURKELA :** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और मतदाता सूची से कोई छूट न जाए, इसके लिए स्थानीय आईटीडीए सम्मेलन कक्ष में मतदाता सूची तैयार करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुई। प्रशिक्षण शिविर पानपोस उपजिलापाल अभिमन्यु माझी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें पानपोस उप-जिले के 691 बूथ स्तर के अधिकारियों और 65 बूथ स्तर के पर्यवेक्षकों



प्रशिक्षण शिविर में शामिल अधिकारी व पर्यवेक्षक। ● फोटोन न्यूज

ने भाग लिया।

शिविर में भाग लेने वाले अधिकारियों को आगामी 24 आम चुनाव में सटीक मतदाता सूची तैयार करने, घर-घर सर्वेक्षण करने, मतदाता केंद्र सर्वेक्षण करने, मतदाताओं को सटीक पहचान पत्र प्रदान करने के बारे में जानकारी दी गई।

पानपोस उपजिलापाल अभिमन्यु माझी ने प्रशासनिक अधिकारियों, बूथ स्तर के अधिकारियों और बूथ स्तर के पर्यवेक्षकों को मतदाता सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उपजिलापाल के अलावा पानपोस के अतिरिक्त उपजिलापाल सरोजिनी प्रसन्ना कुल्लू, राउरकेला तहसीलदार चंद्रकांत मल्लिक, लाठकटा तहसीलदार नंदिता कुजूर, राउरकेला महानगर निगम उपाध्यक्ष सीतादेवी माझी और गुरुमाया प्राचार्य भी उपस्थित रहे।

## सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# स्वामी दयानंद के सपनों को साकार करने में DAV की भूमिका अहम : संजय कुमार सिंह

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** स्थानीय सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, प्रीफेक्टस एवं सदन कप्तान का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सीआरपीएफ 174 बटालियन कमांडेंट संजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि दिव्या सिंह उपस्थित थे। कमांडेंट संजय कुमार सिंह व दिव्या सिंह ने अपने कर कमलों से बच्चों को बैच भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद के सपनों को साकार करने में डीएवी की भूमिका अहम है। डीएवी से शिक्षा ग्रहण करने वाले नामचीन शख्सों का भी उल्लेख किया।

प्राचार्या रेखा कुमारी ने विभिन्न गतिविधियों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि कोरोना काल के बाद नानाविध प्रतियोगिताओं का




समारोह में सपथ दिलाते कमांडेंट व उपस्थित छात्र-छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

आयोजन हो रहा है।

इस अवसर पर हेड ब्वॉय के तौर पर यशराज व हेड गर्ल के तौर पर सुवानी कुमारी सहायक हेड ब्वॉय हंसराज व सहायक हेड गर्ल आकृति पांडे को बैच प्रदान किया गया। विभिन्न सदनों के मधुरम उपाध्याय, अनवेषा आश्वी, मनीष मूंधड़ा, स्नेहा यादव, दीप चटर्जी, तृषा बोस, रोहित पांडे, सुमन कुमारी, ओ३म आहूजा, सुभद्रा अग्रवाल, कृष्णा चंद्रा,अररिया, समृद्ध सोनू, अनन्या चटर्जी, अपूर्व एक्का व तृषा दत्ता को बैच प्रदान किया गया।

विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत वेद सिंघानिया, नीतू कुमारी, अभय मिश्रा, रितु प्रिया सामद, अनिक गुप्ता अर्श सिन्हा, स्वाति सौम्या गुप्ता और निकिता खंडेलवाल को बैच प्रदान किया गया। इसके अलावे प्रीफेक्ट निखर सलोनी, चंचल मूंधड़ा, अनमोल मुरारका, युवराज शर्मा, अहाना चंदा, अर्पिता राज, अयंक सिन्हा, शिखा सिंह, शुभम पोद्दार, निधि शर्मा, स्मिता हेंब्रम, कुमारी संध्या जयंतलाल, नमन कुमार, प्राची अग्रवाल और प्राची कुमारी को भी बैच प्रदान किया गया।

कक्षा सातवीं की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। वहीं वीएल वास्के ने शैक्षिक गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चयनित प्रतिभागियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। कमांडेंट ने सभी कप्तानों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई। छात्राओं द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन वीएल बास्के व पौषाली चटर्जी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन साकिब सलीम ने किया।

# अंतरजिला चोर गिरोह के कई सदस्य धराए, लाखों के सामान बरामद

**PHOTON NEWS SUNDARGARH :** सुंदरगढ़ के विभिन्न थाना क्षेत्रों में काफी समय से स्कूलों, पंचायत कार्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों को निशाना बना रहे अंतरजिला चोर गिरोह को पुलिस ने पकड़ा है। स्कूल के रिनोवेशन के बाद अंतरजिला चोर गिरोह लाखों रुपये की सामग्री चोरी कर रहा था। चोरी के बाद सारा सामान दो पिकअप वैन में लादकर बेच दिया करते थे। सुंदरगढ़ एसपी ने स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में चोरी पर नकेल कसने के लिए एक विशेष टीम गठित की थी।

पुलिस ने विशेष टीम गठित कर 5 चोरों को गिरफ्तार कर लिया। संबलपुर के मीलुपाली थाना क्षेत्र निवासी पदमन पोटे, बड़गांव क्षेत्र निवासी संजय केशरी, मुंडागांव निवासी चित्रसेन मगर, मुंडागांव क्षेत्र के निवासी केशरी के रूप में की गई है। वहीं, पुलिस ने टीवी खरीदने वाले कुजांग के दुस्मंत इलाके के एक को गिरफ्तार किया है. पुलिस आज इन चारो को कोर्ट



गिरफ्तार चोर (ऊपर) व बरामद चोरी के सामान (नीचे)। ● फोटोन न्यूज

चालान करेगी। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 2 पिकअप वैन, एक बाइक और लाखों रुपये का चोरी का सामान बरामद किया है।

### स्कूलों और आंगनबाडी से कर रहे थे चोरी


स्कूलों में एलईडी टीवी, सोलर सिस्टम और बैटरी स्कूल में दिया जा रहा था, जिसकी चोरी हो रही थी। गिरोह के सदस्य सुंदरगढ़ जिले के निकंचन इलाके में स्कूलों को निशाना बना रहे थे। आधी रात होते ही चोरी का वारदात को अंजाम देते थे। वे पिकअप, टाटा मैजिक वैन और बाइक से स्कूलों में पहुंचते हैं। स्कूल में कोई नहीं होने के कारण वे आसानी से स्कूल के सभी ताले काट कर चोरी कर लेते थे। स्कूलों में वर्चुअल कक्षाओं के लिए एलईडी टीवी, सोलर पैनल ,कुर्सियाँ, पंखे, गैस सिलेंडर, पानी पंप उठाकर ले जाते थे। आंगनवाड़ी केंद्र में भी चोरी कर रहे थे। वहां से भारी मात्रा में चावल, खाना पकाने के बर्तन चोरी कर रहे थे।



# मैं आलिया के साथ फुटबॉल खेलने से बचना चाहूंगा : रणबीर कपूर

बॉलीवुड के दिल की धड़कन और मुंबई सिटी एफसी के सह-मालिक रणबीर कपूर ने अपनी पत्नी और एक्ट्रेस आलिया भट्ट को कॉम्पिटेटिव बताया और कहा कि वह उनके साथ फुटबॉल खेलने से बचेंगे। मुंबई सिटी एफसी जर्सी लॉन्च के दौरान, रणबीर ने स्पोर्ट्स एंकर मयंती लैंगर के साथ खुलकर बातचीत की और खुलासा किया कि वह जिस कॉम्पिटिटर के खिलाफ कभी नहीं खेलेंगे वह कोई और नहीं बल्कि उनकी पत्नी आलिया हैं। यह पूछे जाने पर कि वह कौन सी खिलाड़ी है जिसके साथ वह कभी नहीं खेलेंगे, उन्होंने कहा, वह कॉम्पिटेटिव है और अगर मैंने उसे हरा दिया, तो मुझे पता है कि मैं इसके बारे में लंबे समय तक सुनता रहूंगा और वह नाराज हो जाएगी। इसलिए मुझे लगता है कि मैं उसके साथ खेलने से बचूंगा। इसके बाद लैंगर ने सुझाव दिया कि अगर आलिया जीतती है तो वह उनसे बेहतर जश्न मनाएगी। जिस पर उन्होंने जवाब दिया, बिल्कुल। तो, मैं दोनों तरह से खराब हूं। फुटबॉल के प्रति अपने प्यार के बारे में बात करते हुए, रणबीर ने कहा, यह मुझे स्कूल की याद दिलाता है जब मैं चौथी या पांचवीं क्लास में था। मैंने जो कुछ भी किया, पढ़ाई में, नाटक में, मैं औसत से काफी नीचे था। लेकिन जब मैं स्कूल फुटबॉल टीम में शामिल हुआ, तो मुझे लगता है कि यहीं से मुझे अपने लिए एक पहचान, एक व्यक्तित्व मिला। मुझे लगता है कि खेल वास्तव में हमें जीवन में बहुत कुछ सिखाता है। 40 वर्षीय अभिनेता ने कहा, और मुझे याद है कि पहली बार मेरा नाम अखबार में इसलिए आया क्योंकि मैंने एक इंटर-स्कूल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए बॉम्बे स्कॉटिश के लिए गोल किया था।





# महंगाई की मार के बीच उर्फी ने कानों में लटकाए टमाटर

सब्जियों में जायका लगाने वाले टमाटर के भाव इन दिनों आसमान छू रहे हैं ।महंगाई के कारण टमाटर गरीबों की थाली से जैसे गायब ही हो गया है। वहीं बड़े लोगों की रसोई पर भी इसका असर पड़ा है। तो ऐसे में अजीबोगरीब फैशन के जरिए चर्चा में रहने वाली एक्ट्रेस उर्फी जावेद ने टमाटर के साथ नया एक्सपेरीमेंट किया। उन्होंने टमाटर को ज्वेलरी एसेसरीज़ के तौर पर यूज़ किया और चर्चा में आ गईं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है। उर्फ जावेद ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर कीं और लिखा-टमाटर नया सोना हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उर्फ ने इयररिंग्स की जगह अपने कानों पर टमाटर लटकाएं हैं और एक हाथ से टमाटर खाती भी दिख रही हैं। इस दौरान वह ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं। एक हाथ से एक्ट्रेस ने अपना प्राइवेट पार्ट छिपा रखा है तो दूसरे से टमाटर खा रही हैं। ये तस्वीरें और वीडियो देखने के बाद यूजर्स उर्फी को खूब ट्रोल कर रहे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी में नजर आ चुकी उर्फी जावेद अपने अटपटे फैशन आउटिंग के लिए अपनी एक यूनिक पहचान बना चुकी हैं। वे अब तक कई चीजों का ड्रेस के लिए एक्सपेरीमेंट कर चुकी हैं।

# माता-पिता बने इशिता दत्ता और वत्सल सेठ



इशिता दत्ता और वत्सल शेठ इंडस्ट्री के सबसे चर्चित कपल्स में से एक हैं। दोनों ने बुधवार को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। इशिता ने एक बेटे के जन्म दिया है। शुक्रवार तक उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। इससे पहले गोदभराई पर उन्होंने बनारसी साड़ी में दिल जीत लिया था। इशिता दत्ता और वत्सल शेठ टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने सेलेब कपल हैं। दोनों अक्सर एक साथ नजर आते हैं और काफी प्यारे भी हैं। दोनों ही अब एक खूबसूरते से बेटे के माता-पिता बन गए हैं। वत्सल सेठ और इशिता दत्ता ने 19 जुलाई को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। ईटाइम्स के अनुसार, मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और एक्ट्रेस को शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। ईटाइम्स ने बताया कि एक्ट्रेस ने बुधवार को अपने पहले बच्चे को जन्म दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चा और मां स्वस्थ हैं। उन्हें शुक्रवार को छुट्टी दे दी जाएगी। परिवार अभी सबसे ज्यादा खुश है।

# बहुत अच्छे अभिनेता और निर्देशक हैं मेरे पिता : आलिया

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने पिता महेश भट्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह एक बहुत अच्छे अभिनेता, निर्देशक और सबसे अच्छे पिता हैं। आलिया ने यह बात अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के गाने वे कमलेया के लॉन्च के दौरान कही। मंगलवार को नई दिल्ली में उनकी आगामी रोमांटिक ड्रामा रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के गाने वे कमलेया के लॉन्च के दौरान आलिया से उनके पिता के बारे में पूछे जाने पर अभिनेत्री ने कहा कि मेरे पिता एक बहुत अच्छे अभिनेता हैं, एक गायक और अच्छे निर्देशक हैं लेकिन वह सबसे अच्छे पिता हैं। साथ ही कहा, करण जौहर वास्तव में एक बहुत ही मनोरंजक अभिनेता हैं, वह सेट पर हर किसी की भूमिका निभाते हैं। आलिया ने कहा, करण जौहर सबके स्टाइल में एक्टिंग करते हुए पूरा सीन पहले खुद दिखाते थे। हम उन्हें देखते थे और खूब एन्जॉय करते थे। यह रोज देखना बहुत ही मनोरंजक था। रणवीर से पूछा गया कि जब वह अपने अंदर के अभिनेता से बात करते हैं तो उन्हें कौन सा किरदार सबसे ज्यादा मनोरंजक लगता है, इस पर उन्होंने जवाब दिया कि मुझे नहीं पता कि किन किरदारों ने मुझे सबसे ज्यादा संतुष्ट किया। ईमानदारी से कहूं तो मैं सिर्फ इस बात के लिए आभारी हूं कि मुझे बेहतरीन कलाकारों के साथ अभिनय करने और इस खूबसूरत चीज का हिस्सा बनने का मौका मिला, यानी फिल्म बनाना अपने आप में सबसे बड़ा आशीर्वाद है। इससे भी ऊपर मुझे लोगों से जो प्यार मिला है, वह सोने पे सुहागा है। मैं इसी के लिए जीता हू, जिसके लिए मैं पैदा हुआ हू, यही मेरी संतुष्टि है और मुझे उम्मीद है कि मैं यादगार किरदार बनाना जारी रखूंगा। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी एक शानदार फिल्म होने का वादा करती है और इसमें धर्मेंद्र जया बच्चन और शबाना आजमी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म विपरीत व्यक्तित्व वाले एक जोड़े के बारे में बात करती है जो शादी करने से पहले एक-दूसरे के परिवारों के साथ रहने का फैसला करते हैं। फिल्म की शूटिंग मुंबई, नई दिल्ली, रूस और जम्मू-कश्मीर में की गई है। फिल्म में आलिया और रणवीर हैं, जो जोया अख्तर द्वारा निर्देशित फिल्म गली बॉय के बाद एक बार फिर स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। हीरू यश जौहर, करण जौहर और अपूर्व मेहता द्वारा निर्मित यह फिल्म 28 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है।

# टमाटर वाले बयान पर हुए ट्रोल तो सुनील शेट्टी ने किसानों से मांगी माफी




फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज एक्टर सुनील शेट्टी अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। पिछले दिनों एक्टर ने टमाटर की बढ़ी कीमतों पर अपना बयान दिया था और कहा था कि महंगाई की मार के बीच उन्होंने भी टमाटर खाने कम कर दिए हैं। हालांकि, एक्टर के इस बयान पर सोशल मीडिया पर विवाद छिड़ गया और उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। केवल इतना ही नहीं, कई किसानों की। अपने बयान को लेकर आलोचना झेल रहे सुनील शेट्टी ने अब सफाई पेश की है। रिपोर्ट्स की मानें तो सुनील शेट्टी ने अपने हालिया बयान में किसानों से माफी मांगी है और कहा कि मेरे बयान को गलत तरीके से लिया गया है। उन्होंने कहा, मैं तो दिल से देसी आदमी हूं और हमेशा ही किसानों को सपोर्ट किया है। उनके लिए गलत सोचना तो दूर की बात है। मैं चाहता हूं कि हम अपनी देसी चीजों को ज्यादा बढ़ावा दें। मैं तो चाहता हूं कि हमारे किसान को हमेशा ही इसका फायदा मिले। इतना ही नहीं सुनील शेट्टी ने आगे कहा, किसान मेरे जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, क्योंकि मैं खुद एक होटल बिजनेस चलाता हूं तो मेरे ताल्लुक हमेशा उनसे सीधे तौर पर रहे हैं। मैं कभी अपने सपने में भी किसानों के खिलाफ बात करने के बारे में सोच नहीं सकता। अगर मेरे किसी बयान से, जिसे मैंने कहा भी नहीं, उसका आपको बुरा लगा है तो मैं इसके लिए दिल से माफी कहना चाहता हूं। कृप्या मेरे बयान को गलत तरीके से पेश न किया जाए और मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं कह सकता। बता दें, बीते दिनों सुनील शेट्टी ने टमाटर के बढ़े दामों को लेकर कहा था कि वे इन दिनों कम टमाटर खा रहे हैं। उन्होंने कहा था, लोगों को लगता है कि वे इतने बड़े सुपरस्टार हैं तो ये चीजें उन्हें प्रभावित नहीं करती होंगी। हालांकि ऐसा नहीं है। उन्हें भी बढ़ी कीमतों के साथ डील करना पड़ता है। टमाटर के दाम इस वक्त आसमान छू रहे हैं, इसका असर हमारे किचन में पड़ता दिख रहा है। मैं रेस्टोरेंट चलाता हूं, इसकी वजह से मुझे भी सब्जियां खरीदने के लिए मोलभाव करना पड़ता है।



# मैं अपने रास्ते में आने वाले सभी अवसरों के लिए तैयार हूं: साउंडस मौफकीर

खतरों के खिलाड़ी 13 में कंटेस्टेंट के रूप में नजर आने वाली साउंडस मौफकीर का कहना है कि एक कलाकार के रूप में, वह अपने रास्ते में आने वाले सभी तरह के काम और अवसरों के लिए तैयार हैं, चाहे वह कोई अन्य रियलिटी शो हो, म्यूजिक वीडियो या फिल्में हों। मौफकीर ने बैक टू बैक तीन रियलिटी शो रोडीज, स्प्लिट्सविला और खतरों के खिलाड़ी किए हैं और फिलहाल वह खतरों के खिलाड़ी 13 में अपना डेयरडेविल अवतार दिखा रही हैं। हाल ही में एपिसोड की स्क्रीनिंग के दौरान उन्होंने शो में अपने सफर और भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में खुलकर बात की। अपने भविष्य के काम की संभावनाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, एक कलाकार के रूप में मैं अपने सामने आने वाले किसी भी अवसर के लिए तैयार हूं। मैं एक और रियलिटी शो कर सकती हूं, म्यूजिक वीडियो या फिल्मों का हिस्सा बन सकती हूं। अपने सफर के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह बेहद दिलचस्प और रोमांचक यात्रा है। मैं बहुत सारे प्रतिभाशाली लोगों से मिली और उनसे दोस्ती की। मैं इन दोस्ती को अब हमेशा कायम रखना चाहती हूं। रोडीज़ और स्प्लिट्सविला के बाद खतरों के खिलाड़ी 13 मेरा तीसरा रियलिटी शो है। लेकिन यह शो बहुत अलग है क्योंकि यहां मैंने अकेले ही अपने स्टंट किए हैं इसलिए यह मेरे लिए गर्व की बात है। रोहित शेट्टी के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, रोहित शेट्टी सर की अलग ही बात है। वह एक बड़े हीरो की तरह एक बड़े स्टार हैं। उनके सामने कुछ भी बोलने से पहले सोचना पड़ता है। वह सबसे अच्छे प्रेरकों में से एक हैं। रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किया जाने वाला खतरों के खिलाड़ी 13 शनिवार और रविवार को कलर्स पर प्रसारित होता है।

# एक्शन स्टार विद्युत जामवाल ने किया मुंबई मेट्रो में सफर



बॉलीवुड एक्शन स्टार विद्युत जामवाल को शूटिंग के बाद घर पहुंचने के लिए मुंबई मेट्रो में सफर करते हुए देखा गया। एक्टर की मुंबई मेट्रो में सफर करते हुए एक वीडियो सामने आई है। जिसमें विद्युत को नेवी ब्लू बेसबॉल कैप, ग्रे स्वेटशर्ट और नीले स्नीकर्स के साथ ग्रे शॉर्ट्स पहने देखा जा सकता है। उन्होंने अपना चेहरा ढका हुआ है। विद्युत लोगों के बीच छुपे रहने में पूरी तरह से कामयाब रहे। उनके बगल वाला व्यक्ति भी उन्हें नहीं पहचान पाया। अभिनेता बोरीवली में अपनी शूटिंग के बाद मेट्रो की यात्रा कर रहे थे। विद्युत ने कमांडो, खुदा हाफिज, सनक और जंगली जैसी फिल्मों में काम किया है। आईबी-71 स्टार फिलहाल अपनी आगामी फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा की शूटिंग में व्यस्त हैं, जो एक एड्रेनालाईन-रशिंग एक्सट्रीम स्पोर्ट्स फिल्म है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित यह फिल्म दो भाइयों पर आधारित है जो जीतने के लिए खेलों के साथ स्टंट करने के लिए तैयार हैं। फिल्म को सरीम मोमिन और रेहान खान ने लिखा है। विद्युत की आखिरी फिल्म आईबी-71 थी, जो निर्माता के रूप में उनकी पहली रिलीज थी। विद्युत ने 2011 में फोर्स से डेब्यू किया था।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा में मिला दिशा वकानी की वापसी का संकेत!



टीवी के सबसे पसंदीदा और लंबे चलने वाले शोज में से एक तारक मेहता का उल्टा चश्मा पिछले कुछ समय से गलत कारणों से सुर्खियों में है। कई पुराने कलाकारों के शो छोड़ने के बाद और उनके द्वारा निर्माताओं पर लगाए गए आरोपों के चलते इस शो ने अपनी लोकप्रियता में बड़ी गिरावट देखी है। सितारों द्वारा लगाए गए आरोपों से दर्शकों का इसमें इंट्रेस्ट कम हो गया है। शो के प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी पर कई एक्टर्स ने सेक्सुअल और मेंटल हैरेसमेंट के आरोप भी लगाए हैं। अब यह शो फिर से चर्चाओं में आ गया है इसका कारण है निर्माताओं द्वारा शो में दयाबेन के लौटने का संकेत देना। शो में दयाबेन के भाई सुंदर इन दिनों सबको यह खबर दे रहे हैं कि दयाबेन इस साल नवरात्रि और दिवाली पर वापस मुंबई लौट रही हैं। इस घोषणा के बाद से प्रशंसक इस शो की चर्चा करने लगे हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि दयाबेन का रोल करने के लिए एक्ट्रेस दिशा वकानी ही शो में वापस आती हैं या फिर मेकर्स इस रोल में किसी नई एक्ट्रेस को इंट्रोड्यूस करेंगे। लेटेस्ट एपिसोड में दया के भाई सुंदर ने उनके कमबैक की हिंट दी है। शो के लेटेस्ट एपिसोड में जेठालाल ने दया के छोटे भाई सुंदर से पूछा कि वो अहमदाबाद से घर (गोकुलधाम सोसायटी) कब लौट रही हैं। इस पर सुंदर ने सबको बताया कि दयाबेन इस साल नवरात्रि या दिवाली पर लौटेंगी। इस अनाउंसमेंट के बाद शो के फैंस सोशल मीडिया पर काफी एक्साइटेड नजर आए।



# भाविका शर्मा ने बताईं ये खास बातें

स्टार प्लस के सीरियल गुम है किसी के प्यार में ने अपने दिलचस्प और मजेदार प्लॉट के साथ एक लॉयल फैन फॉलोइंग हासिल की है। शो में दिखाए गए ट्विस्ट एंड टर्न्स और हाई ऑक्टेन ड्रामा ने हमेशा दर्शकों को उनकी टेलीविजन स्क्रीन से बांधे रखा है। अब शो में शक्ति अरोड़ा, भाविका शर्मा और सुमित सिंह मुख्य किरदारों में हैं। शो का वर्तमान ट्रैक ईशान, सावी और रीवा के इर्द-गिर्द घूमता है। निर्माताओं ने हाल ही में एक प्रोमो जारी किया है जिसमें देखा जा सकता है कि यह सावी को उसके माता-पिता, सई और विराट की याद दिलाता है, जब वह देखती है कि कैसे उसे शादी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है और वह आईएएस अधिकारी बनने के अपने गोल को छोड़ रही है। सावी ने अपनी शादी से भागने का फैसला किया, जब उसकी दादी ने उसे शादी के बजाय अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की सलाह दी। आईएएस अधिकारी बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिए, वह ईशान से मिलने और एडमिशन रिक्वेस्ट करने के लिए भोसले इंस्टीट्यूट जाती है। वहीं अपने गोल्स को हासिल करने के लिए अपने परिवार से दूर जाने के फैसले के कारण, ईशान ने उसे अंदर नहीं जाने दिया। सावी फिर ईशान को एक चुनौती देती है, और दावा करती है कि वह किसी भी तरह से भोसले इंस्टीट्यूट में एंट्री करेगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि शो में कहानी कैसे सामने आती है। इस पर शो में सावी की भूमिका निभाने वाली भाविका शर्मा ने कहा, सावी एक मजबूत इरादों वाली लड़की है जो शादी से ज्यादा अपने सपनों और जुनून को प्राथमिकता देती है। सावी ने आईएएस अधिकारी बनने का सपना पूरा करने के लिए खुद के लिए एक स्टैंड लिया है। मैं सावी के किरदार को फील करती हूं कि वह अपने सपनों को लेकर कितनी जुनूनी है। वह अपने सपने को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जाने से कभी नहीं हिचकिचाती। व्यक्तिगत रूप से, मैं उसकी उस क्वालिटी से जुड़ा हुआ महसूस करती हूं। सावी की दादी उसके लिए सहारा रही हैं और उसे अपनी आकांक्षाओं को हासिल करने के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। लेकिन हर कहानी की तरह इसमें भी एक ट्विस्ट है।